



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com | कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 140 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 19 फरवरी 2024 डाक 20 फरवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की





**देश-विदेश**
2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनना है तो करने होंगे निरंतर नवाचार, अमिताभ कांत ने कही बड़ी बात





**फीचर पेज**
केल बनाम पालक: जानिए सेहत के लिए इनमें से किसका सेवन है ज्यादा बेहतर




## पीएम मोदी ने कल्कि धाम में रखी ऐतिहासिक मंदिर की आधारशिला, मंच से बोले-जो भी अच्छे काम, लोग मेरे लिए छोड़ गए

**संभल, 19 फरवरी [एजेंसी]।**



आज कल्कि धाम नया इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री के हाथों भगवान श्री विष्णु के दसवें अवतार श्री कल्कि भगवान के भव्य धाम की आधारशिला रखी गयी। महाकाल उज्जैन से आए पंडितों की ओर से स्वस्ति वाचन, मंत्रोच्चार किया गया। प्रधानमंत्री गर्भ गृह में प्रवेश कर अनुष्ठान को छह मिनट में पूर्ण हुआ। प्रधानमंत्री के शिलान्यास स्थल पर पूजा के दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम मौजूद रहे। मंच से आचार्य ने कहा कि जिंदगी में कभी ऐसे पल आते हैं। जब शब्द खो जाते हैं। वाणी थम जाते हैं। शबरी के पास बेर थे। हमारे पास आपके स्वागत को कुछ नहीं है। पीएम ने मंच पर पहुंचकर हास्य भाव में आचार्य प्रमोद कृष्णम से कहा कि अच्छा हुआ आपने कुछ दिया नहीं। वरना आज वीडियो बन जाते, सुदामा को कृष्ण ने जो दिया वो सुप्रीम कोर्ट चला जाता। उन्होंने कहा कि आचार्य जी कइ काम हैं जो कुछ लोग मेरे लिए छोड़कर चले गए हैं। पिछली सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि ये कहा गया था कि मंदिर बनने पर शांति व्यवस्था बिगड़ जाएगी। लेकिन आचार्य प्रमोद कृष्णम इस सरकार में मंदिर बनाइये। पीएम मोदी ने कहा कि सदियों के बलिदान फलीभूत हो रहे हैं।

आज भारत के अमृतकाल में भारत के गौरव और सामर्थय का बीज अंकुरित हो रहा है। चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव तक पहुंचने वाले देश बने हैं। आज वंदेभारत, नमो भारत ट्रेन चल रही हैं। बुलेट ट्रेन चलाने की व्यवस्था हो रही है। देश में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का ज्वार अद्भुत अनुभूति है। पीएम ने कहा कि राष्ट्र को सफल होने के लिए सामूहिकता से ताकत मिलती है। सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका कार्य, राष्ट्र के लिए काम कर रहा है। पिछले दस वर्षों में पक्के घर, शौचालय, घर में बिजली, पानी के लिए कनेक्शन, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, कम कीमत पर गैस, आयुष्मान कार्ड, दस करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि, कोरोनाकाल में हर देशवासी को मुफ्त वैक्सीन, आज दुनिया में भारत के काम की चर्चा हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि भगवान कल्कि के आशीर्वाद से संकल्पों की यात्रा समय से पहले सिद्धि तक पहुंचेगी। सशक्त और समर्थ भारत के सपने को पूरा होता देखेंगे।आज शिवाजी महाराज को नमन और श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि यहां भगवान के सभी दस अवतार विराजमान होंगे। दस गर्भगृह होंगे। पीएम ने भगवान के स्वरूपों का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि इसी काल में विश्वनाथ के वैभव को काशी की धरती पर निखरता हुआ देखा है। काशी का कायाकल्य होते देख रहे हैं।

महाकाल के महालोक की महिमा देखी है। सोमनाथ का विकास देखा है। केदार घाटी का पुर्न निर्माण देखा है। विकास भी विरासत भी इस मंत्र को लेकर चल रहे हैं। आज मंदिर बन रहे हैं तो देश में नए मेडिकल कॉलेज भी बन रहे हैं। विदेशों से प्राचीन मूर्तियां भी वापस आ रही हैं। रिकार्ड संख्या में विदेशी निवेश भी आ रहा है। ये परिवर्तन प्रमाण है। समय का चक्र घूम चुका है। एक नया दौर आज हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। ये समय है हम उस आगमन का दिल खोलकर स्वागत करें। इसलिए लालकिले से देश को विश्वास दिलाया था, यही समय है सही समय है। जिस दिन अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुयी थी, तब कहा था 22 जनवरी से अब नए कालचक्र की शुरुआत हो चुकी है।

## अरविंद केजरीवाल ईडी के छठे समन पर भी नहीं हुए पेश, मामला अभी अदालत में है का हवाला दिया


**नईदिल्ली, 19 फरवरी [एजेंसी]।**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के छठे समन में शामिल नहीं हुए। आम आदमी पार्टी (आप) ने एक बार फिर ईडी के समन को अवैध करार देते हुए कहा कि ईडी के समन की वैधता का मामला अब अदालत में है और ईडी खुद अदालत गई है। इसमें कहा गया है कि बार-बार समन भेजने के बजाय ईडी को अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। दिल्ली की एक अदालत ने पिछले हफ्ते इस मामले में ईडी के समन की अवज्ञा करने के लिए ईडी द्वारा दायर एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए केजरीवाल को 17 फरवरी को उसके सामने पेश होने के लिए कहा था और कहा था कि प्रथम दृष्ट्या AAP प्रमुख अनुपालन करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य थे। इस मामले में ईडी द्वारा पूर्व भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी को यह छठा समन था।

इससे पहले उन्हें इस साल 2 फरवरी, 18 जनवरी और 3 जनवरी और 2023 में 21 दिसंबर और 2 नवंबर जैसी तारीखों पर बुलाया गया था। आप संयोजक ने पहले ईडी को पत्र लिखकर उन्हें जारी किए गए समन को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि समन का उद्देश्य उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोकना था। आप सुप्रीमो ने ईडी के अब तक के सभी समन को नजरअंदाज कर दिया है और आरोप लगाया है कि वे अवैध और राजनीति से प्रेरित थे। पहले पांच 2 फरवरी, 18 जनवरी, 3 जनवरी, 22 दिसंबर, 2023 और 2 नवंबर, 2023 को जारी किए गए थे।

## मैं पीएम तब बनूंगा, जब देश की जनता..., बिलावल ने सरकार में शामिल होने के लिए समीकरणों का किया खुलासा



**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने सत्ता की साझेदारी के लिए समीकरणों का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उन्हें यह पेशकश की गई थी कि प्रधानमंत्री का पद उनकी पार्टी और पूर्व पीएम नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के बीच साझा किया जाएगा। चार बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टियों के बीच बैठक हुई। इस बैठक में दोनों पार्टियों के बीच कई मुद्दों पर बातचीत हुई, लेकिन उन्होंने अभी तक किसी भी तरह की कोई घोषणा नहीं की है। दोनों पार्टियों की तरफ से सरकार के गठन को लेकर भी कोई बयान जारी नहीं किया गया है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव में जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थन वाले निर्दलीय उम्मीदवारों ने 265 में से 93 सीटें जीतीं।

## अध्यादेश पर अड़े किसान, महापंचायत में बड़ी लड़ाई का ऐलान, दिल्ली में दूध-सब्जी तक कर देंगे बंद

**चंडीगढ़।** फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी समेत 12 मांगों को लेकर दिल्ली कूच के लिए निकले किसान अध्यादेश पर अड़ गए हैं। चंडीगढ़ में सरकार के साथ देर शाम करीब सवा आठ बजे शुरू हुई चौथे दौर की वार्ता में किसान संगठनों ने स्पष्ट कर दिया है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए केंद्र अध्यादेश लेकर लाए। वह इससे कम किसी बात पर नहीं मानेंगे। करीब दो घंटे देरी से शुरू हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान और कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां भी शामिल हुए। दूसरी ओर, कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर हुई हरियाणा के किसान नेताओं, खापों और अन्य संगठनों की बैठक में फैसला लिया गया है।

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्रियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज को जयंती पर श्रद्धांजलि दी



**मुंबई, 19 फरवरी एजेंसी।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने सोमवार को पुणे के शिवनेरी किले में छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। महान मराठा योद्धा राजा का जन्म 1630 में जिले की जुन्नार तहसील के शिवनेरी में हुआ था। शिंदे और दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने इस अवसर पर किले में 'पालना समारोह' सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। श्रद्धांजलि देने के लिए दिन भर शिवाजी के अनुयायियों के बड़ी संख्या में एकत्रित होने की उम्मीद है।

## ग्रामीण की हत्या, नक्सलियों ने गांव के पास फेंका शव

**दंतेवाड़ा, 19 फरवरी।**

दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने यहां एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, दंतेवाड़ा



जिले के मालेवाही थाना इलाके में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी। नक्सलियों ने धारदार हथियार से वार कर के ग्रामीण को मौत के घाट उतारा है। वारदात को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने ग्रामीण के शव को बोदली गांव के पास फेंक दिया। घटना की सुचना मिलते ही जवान मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में ले लिया है। इस पूरी घटना की पुष्टि एएसपी आरके बर्मन ने की है।

## संदेशखाली मामले पर सुप्रीम कोर्ट का लोकसभा सचिवालय को नोटिस, विशेषाधिकार कमेटी की कार्रवाई पर लगाई रोक



**नईदिल्ली, 19 फरवरी।**

संदेशखाली घटना से संबंधित संसदीय आचार समिति की याचिका के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषाधिकार कमेटी की कार्रवाई पर रोक लगा दी। साथ ही उन्होंने लोकसभा सचिवालय को नोटिस भेजा है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पश्चिम बंगाल में संदेशखाली घटना से संबंधित संसदीय आचार समिति के नोटिस के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका का सुप्रीम कोर्ट में जिक्र किया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि राजनीतिक गतिविधियां विशेषाधिकार का हिस्सा नहीं हो सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी समेत कई अधिकारियों के खिलाफ लोकसभा विशेषाधिकार समिति की कार्रवाई पर रोक लगा दी।

इस मामले में अगली सुनवई 4 हफ्ते बाद होगी। संसद की आचार समिति ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव समेत वरिष्ठ अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। लोकसभा सांसद सुकांत मजूमदार की शिकायत पर विशेषाधिकार हनन नोटिस जारी हुआ था। संदेशखाली जाने से रोकने के मामले में मजूमदार ने शिकायत की थी।

## आज खत्म होगा सस्पेंस, क्या राजनीति से सन्यास लेंगे कमल नाथ, राम लला के दर्शन के बाद भाजपा में आ सकते हैं नकुल

**भोपाल, 19 फरवरी [एजेंसी]।**



बीते दो दिन से दिल्ली में डेरा डालकर बैठे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल नाथ और उनके सांसद बेटे नकुल नाथ के भाजपा में शामिल होने को लेकर असमंजस अब भी बरकरार हैं। अटकलें यही हैं कि कमल नाथ के साथ कांग्रेस के कुछ विधायक, महापौर समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं। कमल नाथ का अगला कदम क्या होगा, बीते दो दिन से भोपाल से लेकर दिल्ली तक सियासी अटकलों का बाजार गर्म है। माना जा रहा था कल शाम को दिल्ली में भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन खत्म होने के बाद कमल नाथ की पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात हो सकती है, लेकिन कल देर रात तक ऐसा नहीं हुआ।

नाथ के नजदीकी सूत्रों का मानना है कि कमल नाथ राजनीति से सन्यास ले सकते हैं। इसकी कई वजह भी बताई जा रही है। पहली, भाजपा में कमल नाथ को शामिल करने पर सहमति नहीं बन पा रही है। दूसरी, सिख दंगों के कारण भाजपा एक समुदाय को नाराज नहीं करना चाहती है। ऐसे हालात में छिंदवाड़ा सांसद नकुल नाथ को वे भाजपा में भेज सकते हैं। उधर, कमल नाथ के करीबी और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कल शाम दिल्ली में कमल नाथ के आवास के बाहर आकर मीडियाकर्मियों से कहा कि उन्होंने (कांग्रेस छोड़ने को लेकर) ऐसा कुछ नहीं सोचा है। वहीं, देर शाम भोपाल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का भी बयान आया, जिसमें उन्होंने कहा कि मेरी उनसे (कमल नाथ) से बात हुई है। उन्होंने कहा कि जो बातें मीडिया में आ रही हैं, सब भ्रम है। मैं कांग्रेसी था, हूं और रहूंगा। लोकतंत्र में हार-जीत लगी रहती है।

हर परिस्थिति में उन्होंने दृढ़ता के साथ कांग्रेस के विचार के साथ जीवन जिया है और आगे भी कांग्रेस के विचारों के साथ अंतिम सांस तक जीवन जीएंगे। वहीं भाजपा में भी कमल नाथ को लेकर कुछ विरोधी स्वर उठने की खबरें हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा के कुछ नेताओं का कहना है कि 1984 के सिख दंगों के आरोपी कमल नाथ को पार्टी में लेने से सिख समाज में गलत संदेश जाएगा। इसका दिल्ली समेत पंजाब जैसे राज्यों में प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

## छत्रपति शिवाजी को लेकर गोवा में तनाव, मूर्ति स्थापित करने पर दो समूहों में विवाद के बाद पुलिस बल तैनात

**पणजी, 19 फरवरी [एजेंसी]।**



गोवा के मडगांव शहर के पास एक गांव में कुछ लोगों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापित करने के बाद तनाव पैदा हो गया। मूर्ति स्थापना के बाद एक अन्य समूह ने आपत्ति जताई, जिसके कारण शांति बनाए रखने के लिए वहां पुलिस बल तैनात किया गया। आज मराठा सम्राट की 394वीं जयंती है और इसे मनाने के लिए राज्य भर में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।एक अधिकारी ने कहा कि साओ जोस डी एरियाल गांव में शिवाजी की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसके कारण दो समूहों के बीच मौखिक विवाद हुआ। पुलिस अधीक्षक सुनीता सावंत ने कहा, स्थिति नियंत्रण में है और गांव में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। गांव का दौरा करने वाले गोवा के समाज कल्याण मंत्री सुभाष फल देसाई ने कहा कि प्रतिमा निजी भूमि पर स्थापित की गई थी और स्थानीय पंचायत से सभी अनुमतियां ली गई थीं और डिप्टी कलेक्टर को सूचित किया गया था। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। कुछ राजनीतिक ताकतें स्थानीय लोगों को मूर्ति की स्थापना के खिलाफ भड़का रही हैं। सोमवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए स्थानीय भाजपा नेता सेवियो रोड्रिग्स ने कहा, एक भारतीय ईसाई के रूप में मेरे मन में हमारी मातृभूमि की रक्षा के लिए छत्रपति शिवाजी के योगदान के लिए सबसे अधिक सम्मान है। मुझे निराशा है कि गोवा में कुछ लोग अपनी सांप्रदायिक राजनीति खेलने के लिए मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले पर विवाद कर रहे हैं।

## अरुणाचल से असम के कम से कम तीन मजदूरों को अगवा किया गया: पुलिस



**अरूणाचल, 19 फरवरी [एजेंसी]।**

अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में संदिग्ध उग्रवादियों ने असम के कम से कम तीन मजदूरों को कथित तौर पर अगवा कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोनों राज्यों की पुलिस और असम राइफल्स की एक टीम ने खान में काम करने वाले मजदूरों का पता लगाने के लिए बचाव अभियान शुरू किया है। अर्धसैनिक बल के एक प्रवक्ता ने पीटीआई- को यह जानकारी दी। तिनसुकिया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत गौरव ने रविवार को बताया कि जिन लोगों के अपहरण की आशंका है, उनमें पड़ोसी राज्य की एक कोयला खदान में काम करने वाले जिले के तीन लोग भी शामिल हैं। उन्होंने बताया, अगवा किये गये मजदूरों की पहचान ज्ञान थापा, लखन बोरा और चंदन नरजारी के रूप में हुई है। अगवा किए गए लोगों की सही संख्या अभी तक ज्ञात नहीं है। तिनसुकिया के सहायक पुलिस अधीक्षक बिभाष दास मजदूरों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

## अग्निकांड में 130 झुग्गियां जलकर खाक, राजधानी में बड़ी घटना

**दिल्ली 19 फरवरी।** शाहबाद डेयरी इलाके में भीषण आग लगने का मामला सामने आया है। इस आग में करीब 130 झुग्गियां जलकर खाक हो गई हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा से मिली जानकारी के मुताबिक आग लगने की घटना कल रात करीब 10 बजे की है। घटना सामने आने के बाद दमकल की 15 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया है। हाल ही में दिल्ली के अलीपुर मार्केट में एक पेंट फैक्ट्री में इसी तरह भीषण आग लग गयी थी। बेहद संकरे इलाके में स्थित इस पेंट फैक्ट्री में हादसे के वक्त मजदूर काम कर रहे थे, जो आग लगने के बाद बाहर नहीं निकल पाए। मरने वालों की संख्या 11 हो थी। आग इतनी भयानक थी कि लपटें दूर तक नजर आई थीं। फैक्ट्री का संचालन सोनीपत के रहने वाले अखिल जैन पुत्र अशोक जैन कर रहे थे। एनडीआरएफ ने अग्निशमन विभाग के साथ मौके पर पहुंचकर जली हुई इमारतों में तलाशी अभियान चलाया था। पेंट फैक्ट्री से कुल 11 जले हुए शव बरामद किए गए थे, जिनमें 10 पुरुष और 1 महिला शामिल थे।


डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा



प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# पाली ब्लॉक में 3 दिवसीय मानस पथिक मेला का होगा आयोजन

## छ.ग. प्रदेश मानस प्रेमी परिवार संगठन ब्लॉक पाली की बैठक सेक्टर कोरबी में आयोजित



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश मानस प्रेमी परिवार संगठन विकासखंड पाली जिला कोरबा की बैठक 17 फरवरी शनिवार को सेक्टर कोरबी में मिट्ठू यादव ब्लॉक अध्यक्ष छ.ग. प्रदेश मानस प्रेमी परिवार संगठन ब्लॉक पाली की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक में कोरबी, मुड़ापार, बम्हनीकोना, जोरहाडबरी, पथर्री, बोकरामुड़ा, भलपहरी, मुक्ता, नेवसा व धतूरा के मानस मंडलियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में में अनेक बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की गयी व प्रमुखता से चर्चा की गई। इनमें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रत्येक पंजीकृत मानस मंडली की राशि 5000 रुपये शासकीय खाते में भेज दी गई है। नए मानस मंडलियों को पंजीयन के संबंध में दस्तावेज की जानकारी दी गई। मानस मंडलियों के कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्रत्येक पंजीकृत मानस मंडलियों से 500 रुपये की सहयोग राशि देने हेतु सहमति बनी। एक माह के अंदर में पाली ब्लॉक के अंतर्गत स्थान सुनिश्चित कर 3 दिवसीय मानस पथिक मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के समस्त मानस मंडलियों को आमंत्रित किया जायेगा। मानस मंडलियों के संगठन को मजबूती प्रदान करने के संबंध में भी मानस मंडलियों ने उद्बोधन दिया। छ.ग. प्रदेश मानस प्रेमी परिवार संगठन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सेक्टर कोरबी में दुलीचंद राठौर व नंद कुमार कंवर को संरक्षक नियुक्त किया गया है। समस्त अपंजीकृत मानस मंडली जिन्होंने अभी तक पंजीयन नहीं कराया है वे आवश्यक दस्तावेज मानस मंडली का नाम व पता, मानस मंडली के मुखिया का नाम, गायन विधा, अनुभव-प्रशस्ति प्रमाण पत्र, गायन का वीडियो फोटो, सहायक साथियों के नाम पता आधार कार्ड, मोबाइल नंबर व आवश्यक शुल्क के साथ सेक्टर प्रभारी कोरबी लखन लाल राठौर से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में मुख्य रूप से छ.ग. प्रदेश मानस प्रेमी परिवार संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष मि़ू यादव, ब्लॉक सचिव बनवारी लाल श्रोते, जिला सचिव गणेश कंवर मांझी, सक्रिय सदस्य सोहन दास महंत, सेक्टर कोरबी प्रभारी लखन लाल राठौर, रामावतार वैष्णव, कृष्ण कुमार पटेल, दुलीचंद राठौर, होरीलाल पटेल, महावीर राठौर, भरत लाल राठौर, हरप्रसाद राठौर, अरुण राठौर, सागर कौशिक, कुंजराम केंवट, भुवन यादव, संतोष कंवर, शैलेंद्र, छत्रपाल कंवर, अंजीत कंवर, बेबी बाई, शांतिबाई, राम बाई, उर्मिला बाई, सुरेखा बाई, कामता प्रसाद दुबे, जय प्रकाश यादव, आरती दास महंत, डिगम सिंह, टेकराम निर्मलकर, सम्मे सिंह मरकाम, शशिपाल कंवर, पुलकित सिंह राठौर, पलक वैष्णव, आंचल वैष्णव इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक सचिव बनवारी लाल श्रोते व आभार व्यक्त सेक्टर प्रभारी कोरबी लखन लाल राठौर ने किया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का वैध फिक्चर जारी

कोरबा। कोरबा प्रेस क्लब (केपीसी) द्वारा आयोजित स्व. केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष-2024 का अधिकृत फिक्चर आज दोपहर जारी किया गया।

स्व केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का शुंभारभ 20 फरवरी 2024 की शाम 06.00 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिता में कलेक्टर इलेवन, पुलिस इलेवन, बालको इलेवन, एनटीपीसी इलेवन, नगर निगम इलेवन, मेयर इलेवन, प्रेस क्लब इलेवन, अधिवक्ता इलेवन, स्वास्थ्य विभाग इलेवन, वन विभाग इलेवन, शिक्षा विभाग इलेवन, उद्यानिकी विभाग इलेवन, कृषि विभाग इलेवन, डीएसपीएम इलेवन, सीएसईबी (पश्चिम) इलेवन, वन विकास निगम इलेवन की टीमें शामिल है। शुभारंभ दिवस के मौके पर उद्घाटन मैच प्रेस क्लब इलेवन व अधिवक्ता इलेवन के बीच मुकाबला होगा। प्रतियोगिता की अंतिम विजेता दो टीम के बीच 28 फरवरी 2024 की शाम 7 बजे फायनल मुकाबला खेला जाएगा। प्रत्येक मैच का केपीएस लाइव स्पोर्टस एंड इवेंट यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण होगा।

**कोरबा।** माघ पूर्णिमा के नजदीक आते ही मौसम के तेवर में बदलाव आने लगा है। हवा की दिशा के परिवर्तित होने से अब ठंड का स्तर कम हुआ है।

## अनशन कर रहे सीपीआई कार्यकर्ता की हालत बिगड़ी,अस्पताल भेजा




**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा कोरबा के जन समस्याओं को लेकर जिल सचिव पवन कुमार वर्मा ने घंटाघर के समीप आमरण अनशन शुरू कर दिया था। अनशन के तीसरे दिन जिला अस्पताल कोरबा के डॉक्टर ने अनशन स्थल पहुंचकर पवन कुमार वर्मा का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उनकी बिगड़ती स्थिति के कारण पुलिस ने बलपूर्वक आंदोलन स्थल से उठाकर जिला चिकित्सालय में दाखिल कर दिया है। इस कारण से यह आंदोलन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। आने वाले दिनों में जिला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी फिर से कोरबा के ज्वलंत जन समस्याओं को लेकर आंदोलन को और तेज करेगी।

## नशे की हालत में हंगामा

**कोरबा।** डायल 112 की टीम को मदद करते तो देखा था लेकिन रविवार को बीच सड़क पर दो युवकों की धुलाई करते भी देख लिया। दरअसल दोपहर को टीपीनगर स्थित मामा जी ब्रेकर्स के सामने सड़क पर वाहन को खड़ाकर वर्दीधारी द्वारा उसमें बैठे एक युवक की खातिरदारी की जा रही थी।इसी बीच एक और युवक को दूसरे वर्दीधारी ने घसीटते हुए वाहन के अंदर डालने की कोशिश की लेकिन वह वहां से भाग निकला। इसके बाद पहले से ही वाहन में बैठा युवक गिड़गिड़ाता रहा लेकिन दोनों ही जवान उसकी पिटाई करते रहे। इस बीच सड़क पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। बाद में पता चला कि जिन युवकों की पिटाई हो रही थी वे नशे की हालत में एक्सीडेंट कर भाग रहे थे। हालांकि बीच सड़क परइस तरह से पिटाई करते देख लोग कहते रहे कि देखिए यह है वर्दी का रौब ।

# भाजपा युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति बैठक हुई संपन्न



**कोरबा/कटघोरा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी में बैठकों का दौर चल रहा है एक तरफ जहां भाजपा की राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में चल रही है तो वहीं पार्टी के युवा मोर्चा की बैठकों का दौर राष्ट्रीय,प्रदेश और जिला स्तर पर जारी है।

ज्ञात हो विगत दिनों आगामी लोकसभा चुनाव और आगामी कार्यक्रम हेतु भाजयुमो की वर्चुअल प्रदेश की बैठक संपन्न हुई थी तत्पश्चात आज भाजयुमो जिला कार्यसमिति की बैठक कटघोरा मे संपन्न हुई बैठक में कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने के साथ साथ आगामी युवा चौपाल लगाने हेतु निर्देश दिए गए। भाजयुमो की मंडल इकाई को प्रत्येक मंडल में 20 स्थानों पर युवा चौपाल लगाकर प्रधानमंत्री मोदी के जनहित की सभी योजनाओं के बारे में युवाओं को बताना है। इसके लिए प्रत्येक मंडल हेतु दो दो विस्तारक भी तय कर लिए गए हैं जो मंडलों में प्रवास करेंगे,यह कार्यक्रम 5 मार्च तक चलेगा।

उक्त बैठक में भाजपा जिला महामंत्री संतोष देवांगन, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन गर्ग, व्यवसाई प्रकोष्ठ संयोजक टेकचंद अग्रवाल,भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष अजय धनोदिया, नवनियुक्त भाजयुमो जिला प्रभारी राहुल शराफ, जिलाध्यक्ष पंकज सोनी,महामंत्री अनूप यादव,प्रदेश सो.मी. विभूति कश्यप,प्रदेश कार्यसमिति किशन केशरवानी,सुभाष राठौर,प्रीति स्वर्णकार,भूपेंद्र साहू,जिला उपाध्यक्ष विवेक मार्कण्डेय,रंजू यादव,अनुराग राठौर,मंत्री गंगा पटेल,राजा डिक्सेना, अनुराग दुहलानी,कोषाध्यक्ष गोलू पांडे, बृजेश यादव,कटघोरा मंडल अध्यक्ष समजीत सिंह, महामंत्री जय गर्ग,रूपेश डिक्सेना सहित जिले की कार्यसमिति मंडल अध्यक्ष एवम महामंत्री उपस्थित रहे।

# फोरलेन पर बेलगरी नाला पुल बदहाल, मरम्मत करने की बजाय बांस-बल्ली से बनाई रेलिंग



**कोरबा।** शहर से मेजर ध्यानचंद चौक तक नगर निगम ने फोरलेन सड़क बनाया है, लेकिन उक्त फोरलेन पर पड़ने वाले बेलगरी नाला पुल की बदहाली अब तक दूर नहीं हुई है। फोरलेन की योजना के दौरान पुल की चौड़ाई बढ़ाया जाना था, लेकिन स्वीकृति नहीं मिलने से अब तक टू-लेन सड़क के पुल से ही वाहनों की आवाजाही हो रही है। पुल की रेलिंग टूट चुकी है और सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं। पास ही कोहड़िया में मंत्री लखनलाल देवांगन का निवास होने के बाद पुल का हाल बदहाल है।कोहड़िया नाला पुल की रेलिंग अत्यंत जर्जर हो चुकी है। कई जगह से टूट चुके हैं। ऐसे में अफसरों ने इसे मरम्मत करने की बजाय बांस-बल्ली के सहारे रेलिंग को सुरक्षा घेरा के नाम पर लगाया गया है। इसके अलावा सड़क भी खस्ताहाल हो चुकी है। यह पुल कोरबा से दर्री मुख्य मार्ग पर स्थित कोहड़िया के पास स्थित है। मार्ग पर सुबह से देर रात तक यातायात का काफी दबाव रहता है। रेलिंग कई जगह से टूट चुकी है। ऐसे में जिम्मेदार विभाग ने औपचारिता के लिए रेलिंग की सुरक्षा के लिए बांस और बल्ली के सहारे लगाए गए हैं, लेकिन यह भी वैकल्पिक व्यवस्था कुछ स्थानों पर लगे हुए हैं। कई हिस्से में सुरक्षा घेरा भी नहीं है। इसके अलावा पुल की सड़क भी जर्जर हो चुकी है। खस्ताहाल सड़क पर आवाजाही में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बावजूद इसके समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। यह मार्ग कटघोरा व बिलासपुर जाने वाला मुख्य मार्ग है। इस कारण मार्ग पर यातायात का दबाव अधिक रहता है। सुबह से देर रात तक लोगों की आवाजाही होती है। इधर पुल पर रेलिंग नहीं और सड़क भी खराब है। दूसरी तरफ पुल के आसपास स्ट्रीट लाइट की सुविधा नहीं है। शाम होते ही पुल के समीप अंधेरा पसर जाता है। इस कारण वाहन चालकों को आवाजाही में काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

# सरस्वती विद्यालय में हुआ तकनीकी सेशन साइबर क्राइम को लेकर अलर्ट हुए बच्चे

कोरबा। ऑनलाइन ठगी से बचने और साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए उन उपभोक्ताओं को जानकार बनना होगा, जो ऑनलाइन बैंकिंग का इस्तेमाल करते हैं। आज के विद्यार्थी भी कल के खाताधारक हैं, जिनका ऑनलाइन लेन-देन की विधियों में दक्ष होने के साथ उन बारीकियों से अपडेट रहना जरूरी हो जाता है, जिनका ध्यान रख वे ठगी का शिकार होने से बच सकें। यही उद्देश्य रखते हुए सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएसईबी पूर्व बुधवारी में साइबर क्राइम व साइबर ठगी पर एक तकनीकी सेशन आयोजित किया गया। जहां बैंकर्स ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

सामाजिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत यह कार्यक्रम आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की निहारिका शाखा की ओर से बुधवारी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी पूर्व में आयोजित किया गया। इस विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को साइबर क्राइम और साइबर धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वर्तमान में जिस तरह से इंटरनेट तकनीक की उपयोगिता बढ़ रही है, उसी तेजी से साइबर क्राइम और साइबर धोखाधड़ी जैसे अपराध भी तेजी से फल-फूल रहे हैं। इसकी रोकथाम और बचने की विधि जानने के लिए उन बारीकियों को जानना जरूरी होगा, जिसका संचार तकनीकों का उपयोग करते समय ध्यान रखा जाना चाहिए। बैंकिंग विशेषज्ञों ने इन्हीं के बारे में बचाव के तरीकों को समझाया। इस दौरान ऑनलाइन माध्यमों से लेन-देन करने वालों पर फोकस करते हुए विद्यार्थियों को उन तकनीकी बारीकियों से रूबरू कराया गया, जिनका ध्यान रख वे खुद जानकार बन अपने परिवार को भी जागरूक व सतर्क कर सकें। इस साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शाखा प्रबंधक विशाल गोस्वामी, सहायक शाखा प्रबंधक संजय कुमार, अभिषेक सिंह, ऑपरेशन हेड विकास गवेल, चंद्रकांत देशमुख उनकी पूरी टीम ने सहयोग प्रदान कर साइबर क्राइम और साइबर सुरक्षा जागरूकता के कार्यक्रम को सफल बनाया।

## विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। फायर एंड सेफ्टी मॉडर्न कंप्यूटर कॉलेज टी.पी. नगर कोरबा में आयोजित शिविर में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो विक्रम प्रताप चंद्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्य के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सभी अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे तो किसी के भी अधिकार हनन नहीं होगा। इसके साथ बालको के लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम 2012 संबंध में जानकारी देते हुए कहा गया कि ऐसे प्रकरण में पीड़ित को शासकीय अधिवक्ता के साथ-साथ प्रकरण में पीड़ित को असिस्ट करने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अधिवक्ता रख सकता है। कृष्ण कुमार सूर्यवंशी द्वितीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोरबा के द्वारा मोटर वाहन दावा दुर्घटना अधिनियम जानकारी दी। वाहन का संचालन बिना लाइसेंस व बिना वाहन बीमा के न चलाने के सुझाव दिया गया। मोबाइल के माध्यम से कोई भी मैसेज को यूं ही फॉरवर्ड नहीं करना चाहिए। विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से महिला बुजुर्ग अनुसूचित जाति जाति अनुसूचित जनजाति बंदी को निशुल्क विधिक सहायता मिलती है। इसके साथ-साथ ऐसे व्यक्ति जिसकी आप डेढ़ लाख रुपए से कम है, उन्हें भी निशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाता है। अगले माह 9 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

## राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**कोरबा ।** कोरबा जिले के ग्राम धतुरा मे राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल व साथ ही विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत पाली सभापति मुकेश जायसवाल, जनपद पंचायत पाली सभापति संतोषी अशोक पाटले, जनपद पंचायत कटघोरा ममता दामोदर , केसरिया हिंदु युवावाहिनी, जिलाध्यक्ष कोरबा श्रवण यादव, जयवीर हनुमान ट्रांसपोर्ट आशीष अग्रवाल, भाजयुमो जिलामंत्री पंकज धुर्वा, मंडल मंत्री मन्नू राठौर (साईं), वरिष्ठ भाजपा नेता प्यार पटेल, ग्राम धतुरा पूर्व सरपंच बुधवार सिंह नेटी, अमर गाँधी राठौर, एन.के. तिवारी, सानिध्य सुलाँकि आदि उपस्थित रहे।डांस प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार हमर छत्तीसगढ़ के धरोहर डांस ग्रुप मड़वारानी 20 हजार रुपए व शील्ड, द्वितीय पुरस्कार बेड बॉय डांस ग्रुप कुसमुंडा 11 हजार रूपए व शील्ड, तृतीय पुरस्कार मुस्कान श्रीवास मूढ़ाली 7 हजार रुपए व शील्ड एवं सांत्वना पुरस्कार 1 हजार रुपए व मैडल 7 टीमों को दिया गया। सभी युवाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा एवं सरपंच अमृता इंद्रावन सिंह पोर्ते, उपसरपंच बिंदेश्वरी गुड्डू राठौर का अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## शिव फाउंडेशन ने रेशमा को दिया मकान

कोरबा। कोरबा जिला नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल समाज की नि: सहाय रेशमा अम्मा के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। यह आवास उन्हें शिव फाउंडेशन नाम के सामाजिक संगठन ने बनाकर प्रदान किया है। गृह प्रवेश के अवसर पर हितानंद अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। हम सभी को अपनी क्षमता के अनुसार समाज सेवा के पुनित कार्य में भाग लेते रहना चाहिए।

शिव नगर की निःसहाय रेशमा जायसवाल, उम्र 65 वर्ष पिछले 30 वर्षो से अकेले जीवन यापन कर रही है। इसलिए उन्होंने शिव फाउंडेशन से घर मरम्मत करने की अपील की। जिसे ध्यान में लेते हुए शिव फाउंडेशन द्वारा उन्हें मकान बनाकर प्रदान किया गया। इस कार्य को सम्पन्न करने में शिव फाउंडेशन ने मुख्य रूप से सोशल मीडिया का माध्यम चुना। विशेष रूप से सुआ उत्सव महिला समिति एवं शिव चर्चा पूजा महिला मंडली द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ। पूर्व वर्ष भी एक निःसहाय माता को शिव फाउंडेशन द्वारा नया मकान बनाकर दिया गया था।नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल द्वारा रिबन काटकर और श्रीफल तोड़ कर गृह प्रवेश कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल (मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष) भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष रवि यादव ने किया, साथ ही शिव फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय धीवर एवं प्रमुख पदाधिकारी बद्री बहादुर तमांग, युगेश राठौर, डा. आरआर. चंदेल, योगेश राठौर, सदस्य गण, सुआ उत्सव समिति की महिला सदस्या, शिव चर्चा पूजन मंडली सदस्या, ग्राम के वरिष्ठ सज्जन सम्मिलित हुए।

# घोष के स्वर से कदम मिलाकर चले स्वयंसेवक गुणवत्ता पथ संचलन में

## दक्षता परखना और कमियां दूर करने पर पूरा जोरः शेषनारायण

कोरबा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देशभर में एक साथ जिला केंद्र पर गुणवत्ता पथ संचलन किया। औद्योगिक नगर कोरबा में किए गए इस संचलन में नगर और उपनगर के स्वयंसेवक शामिल हुए। निर्धारित प्रक्रिया के बाद उन्हें इस अभ्यास में प्रवेश दिया गया। मुख्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांत के शारीरिक घोष प्रमुख शेषनारायण सोनी ने मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा की नियमित अभ्यास के बाद स्वयंसेवकों की दक्षता परखने और उनका गुणात्मक विकास करना आयोजन का एक प्रमुख उद्देश्य है

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता शेषनारायण सोनी ने कहां की अनुशासन के साथ-साथ आपात परिस्थितियों में सेवा कार्य के लिए सदैव खड़े रहने को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अपनी अलग पहचान है। नियमित कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन अपने स्वयंसेवकों को न केवल मजबूत करता है बल्कि उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में समाज को जोड़ने और उसकी विशिष्ट भूमिका सुनिश्चित करने का काम भी करता है। वर्ष में निर्धारित कार्यक्रम के साथ-साथ गुणवत्ता पथ संचलन भी एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो रविवार को जिला केंद्र कोरबा में आयोजित हुई। उन्होंने कहा की सार्वजनिक कार्यक्रम के अंतर्गत कई प्रकार की सावधानियां रखनी होती हैं इसके लिए हमारा कितना अच्छा अभ्यास है और इसकी कसौटी पर हम कितने खरे हैं, यह साबित करता है गुणवत्ता पथ संचलन। हमारा जोर अपने स्वयंसेवकों को बेहतर से बेहतर बनाने के साथ गुणवत्ता के मामले में आदर्श पहचान देने की भी है। उन्होंने अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए कई उदाहरण भी दिए और इससे स्वयंसेवकों को सीख लेने को कहा। 15 ब्लॉक दुर्गा मंदिर मैदान में आवश्यक तैयारी के साथ संचलन शुरू हुआ। ट्रांसपोर्ट नगर, बस स्टैंड, व्यावसायिक परिसर, ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा होते हुए मुख्य मार्ग से संचलन आगे बढ़ा। अनुशासित व्यवस्था के साथ संघ के घोष दल के स्वर से कदम मिलाकर स्वयंसेवक चल रहे थे। ढाई किलोमीटर की निश्चित दूरी पर कई जगह विभिन्न समाज से संबंधित बंधु भगिनियों के द्वारा स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आरएसएस के जिला शारीरिक प्रमुख नरेश चंद्र पटेल ने बताया कि स्वयंसेवकों की दक्षता को परखने और एकरूपता व अनुशासन के लिए गुणवत्ता पथ संचलन वर्ष में एक बार निकालने की परंपरा है। इसके माध्यम से कई गुणों का विकास भी होता है और कमियां दूर की जाती हैं। कोरबा में जिला स्तरीय गुणवत्ता पथ संचलन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभाग संघ चालक सत्येंद्र दुबे, विभाग संघ सहचालक किशोर बुटोलिया, विभाग प्रचारक योगेश्वर, विद्या भारती के मध्य क्षेत्र के उपाध्यक्ष चंद्र किशोर श्रीवास्तव, जिला संघ चालक डॉ विशाल उपाध्याय, नगर संघ चालक अशोक तिवारी, विभाग कार्यवाह रामविलास पाल, जिला कार्यवाह कैलाश नाहक, नगर कार्यवाह मृगेश यादव , अमृतलाल बत्रा, सहित स्वयंसेवक् उपस्थित रहे।

## 6 लाख की चोरी तीन आरोपी पकड़ाए

कोरबा । जिले की दर्री पुलिस ने सीएसईबी कॉलोनी के एक आवास में चोरी के मामले की जांच करने के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम विनय मुंडा, आशीष दास और सुनील तिर्की बताए गए हैं। इनके द्वारा मौके से चोरी किए गए सोने चांदी के आभूषण, नगदी रकम सहित अन्य सामान को बरामद किया गया है। यहां पर रहने वाले प्रमोद लाठियां का परिवार घरेलू काम से गृह जिले गया हुआ था। इसी दरमियान चोरों ने छात्र तरीके से घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों के द्वारा अलमारी व अन्य स्थान पर रखे हुए सोने चांदी के आभूषण वेल्डिंग मशीन सहित कई यहम सामान पार कर दिए गए। दर्री पुलिस थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेने के साथ जांच पड़ताल शुरू की।

## ग्राम कनकी के कनकेश्वरधाम में अखण्ड नवधा रामायण आयोजित

कोरबा । कोरबा जिले के ग्राम कनकी के कनकेश्वरधाम में ग्रामवासियों के सहयोग से अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन 19 फरवरी से किया जा रहा है। आचार्य पं. घनश्याम प्रसाद तिवारी रहेंगे। मानस यज्ञ कार्यक्रम में 19 फरवरी को ग्राम्य देवपूजन, कलश यात्रा व अखण्ड नवधा रामायण का शुभारंभ किया जाएगा। 28 को रामायण कथा विश्राम व चढ़ोत्री कार्यक्रम होगा। वहीं 29 को हवन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा व ब्राम्हण भोज का आयोजन किया जाएगा। ग्रामवासियों ने बताया कि इसी बीच रामायण गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया है जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। रामायण गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार 3001/- नगद, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2001/-, तृतीय पुरस्कार 1001/- रूपए व सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।

## जिले में श्रीकृष्ण की 35 फीट ऊंची मूर्ति की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

### ग्राम केसला बन सकता है नया अध्यात्मिक पर्यटन स्थल

**कोरबा ।** श्रद्धालुओं के लिए नया अध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में बालाजी गौ सेवा आश्रम, केसला विकसित हो सकता है। यहाँ श्रीकृष्ण की 35 फिट ऊंची मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास से ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु सहित दूर-दराज से भी भक्तगण पहुंचे। बताया जा रहा हैं की ग्राम केसला में बहुत मनोरम स्थल के साथ ही जंगल के अंदर गौशाला की भी व्यवस्था है। मूर्ति का निर्माण विगत एक वर्ष से प्रारम्भ था, जिसमे भक्तजनो के सहयोग से कार्य संपन्न हुआ।

## जगदीश सिंह दिवंगत



कोरबा। नगर पालिका परिषद दीपका के अध्यक्ष श्रीमती संतोषी दीवान के पति जगदीश सिंह का हृदयाघात से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही दीपका क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।



## संभाग स्तरीय पुलिस खेलकूद बेडमिंटन प्रतियोगिता में जांजगीर-चांपा को मिला प्रथम स्थान

**जांजगीर।** संभाग मुख्यालय बिलासपुर पुलिस लाईन में छत्तीसगढ पुलिस अंतर वाहिनी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग के जिला बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, मुंगेली, गौरला-पेंड्रा-मरवाही, सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले के पुलिस विभाग के खिलाडियों ने हिस्सा लिया। बैडमिंटन के सिंगल्स ओपन कैटेगरी में जांजगीर-चांपा पुलिस में पदस्थ निरीक्षक अंशुमान सिंह राजपूत को प्रथम और निरीक्षक हेमंत पाराशर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं डबल्स बेडमिंटन में उक्त दोनों निरीक्षकों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। निरीक्षक अंशुमान सिंह राजपूत एवं निरीक्षक हेमंत पाराशर के उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले के पुलिस अधिकारियों एवं जवानों में हर्ष व्याप्त है एवं दोनों खिलाड़ियो के उज्वल भविष्य की कामना की गई है।

# हनुमान धारा में राधाकृष्ण और द्वादश ज्योर्तिलिंग मंदिर का होगा निर्माण

**चांपा ।** हनुमान धारा चांपा में अक्षर साहित्य परिषद, निराला साहित्य मंडल और महादेवी महिला साहित्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में निराला जयंती एवं बसंतोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्व. कैलाश अग्रवाल की स्मृति में कैलाश अग्रोहा भवन, राधा कृष्ण मंदिर एवं द्वादश ज्योतिलिंग मंदिर निर्माण के लिए पंडित दिनेश दुबे के आचार्यत्व में भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर अक्षर साहित्य परिषद के संरक्षक डा. रमाकांत सोनी ने कहा कि वसंत ऋतु सौंदर्य की ऋतु है जहां जीवन खिलता हो वहां वसंत है जीवन के उत्सव में छंद में संगीत में जीवन के रस में उसे देखने की क्षमता ही बसंतोत्सव है। निराला साहित्य मंडल के संरक्षक पंडित हरिहर प्रसाद तिवारी ने कहा कि मनुष्य जीवन में बुद्धि की प्रधानता है। हमारे हृदय में जो विचार प्रेरणा और सद् बुद्धि आती है उसके पीछे भी बुद्धि कारण है। इसलिए दुर्गा

सप्तशती में देवी को बुद्धि का स्वरूप मानते हुए प्रणाम निवेदित किया गया है। महादेवी महिला साहित्य समिति की अध्यक्ष सुशील सोनी ने कहा कि श्रृंगार ऋतु कहा जाने वाला वसंत का मौसम जीवित रहने की बात कहता है। आनंदित होकर जिंदगी को सजाने और संवारने का नाम है वसंत । आचार्य पंडित दिनेश दुबे ने बताया कि विद्याएं अनंत है किंतु विशेष विथा 14 और कलाएं 64 है विद्या की देवी सरस्वती है। उनकी कृपा से ही आप विद्या और कला का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। भागवताचार्य विदुषी सविता गोस्वामी ने कहा पवित्र संकल्प समय आने पर जब फलीभूत होता है तब परमात्मा मूल ब्याज समेत उसे वापस करता है। भिवेंद्र बहादुर सिंह ने कैलाश अग्रोहा भवन, श्री राधा कृष्ण मंदिर और द्वादश ज्योर्तिलिंग मंदिर निर्माण के भूमि पूजन पर शुभकामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम का प्रारंभ पंडित दिनेश दुबे के आचार्यत्व में भगवती सरस्वती सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और स्व.कैलाश चंद्र अग्रवाल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन पूजन अर्चन और सरस्वती वंदना से किया गया।

मुख्य यजमान राजेश अग्रवाल एवं मंजू अग्रवाल द्वारा भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र द्विवेदी एवं आभार राजेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर निर्मला अग्रवाल, राज अग्रवाल, शैलेंद्र अग्रवाल, सीएमओ प्रहलाद पांडे, टीकम कंसारी, नागेंद्र गुप्ता, मो अली, कैलाश कसेर, कविता देवांगन, लक्ष्मी प्रसाद सोनी, शशि भूषण सोनी, गौरव गुप्ता, अनंत थवाईत, कविता थवाईत, डाक्टर इंदु साधवानी, प्रदीप नामदेव, शांति सोनी, हरदयाल सिंह, लक्ष्मी चंद्र देवांगन, राकेश शर्मा, भुवनेश्वर राठौर, राजन गुप्ता, राजेश सोनी, मो सलीम मेमन, हेमगिरी गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## जिले में खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन करने वाले वाहनों की हो रही सघन जांच

### तीन दिन में अवैध उत्खनन परिवहन करने वाले 17 वाहनों पर की गई जब्ती की कार्रवाई



**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी के.के बंजारे से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के तहसील सक्ती, जैजैपुर, हसौद एवं चंद्रपुर तहसील क्षेत्रांतर्गत खनिज अमला के भ्रमण के दौरान वाहनों को अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। जिसमें सक्ती तहसील क्षेत्र के मोहंदीकला के बोराई नदी से, हसौद तहसील क्षेत्र के करही और डोटमा के महानदी से एवं चंद्रपुर तहसील क्षेत्र में गिट्टी से भरा 1 हाइवा और 16 ट्रेक्टर, इसी तरह तीन दिन में अवैध खनिज रेत-गिट्टी उत्खनन परिवहन करते पाए जाने पर कुल 17 वाहनों के ऊपर जब्ती की कार्रवाई की गई है। जब्त वाहनों को खनिज विभाग द्वारा थाना सक्ती, जैजैपुर, हसौद एवं चंद्रपुर थाना में सुपुर्द किया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच की जा रही है।

## लोग पुण्यात्मा है आपके पूर्वजों ने भगवान को गंगा पार कराया -राजेश्री महन्त



**शिवरीनारायण।** माता शबरी की पावन भूमि शिवरीनारायण के राम जानकी(चौबीस अवतार)मंदिर में केंवट समाज का वार्षिक सम्मेलन संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता केंवट निषाद समाज के वरिष्ठतम नेता श्री एम आर निषाद ने की, कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान रामचंद्रजी, माता जानकी एवं लखन लाल जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों के स्वागत के उपरांत मुख्य अतिथि राजेश्री महन्त जी महाराज ने अपने आशीर्वचन संदेश में निषाद समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग गुहा निषाद राज जी के वंशज हैं आप लोगों के पूर्वजों ने संसार के सभी जीवों को भवसागर पार कराने वाले परम ब्रह्म परमात्मा, अखिल ब्रह्मांड नायक भगवान श्री रामचंद्र जी को गंगा पार कराया था इससे बड़ा पुण्य का कार्य कुछ भी नहीं हो सकता। आप सभी पुण्यात्मा हैं। लोगों को कार्यक्रम के अध्यक्ष निषाद ने भी संबोधित किया और कहा कि -पूज्य गुरुदेव राजेश्री महन्त महाराज हमारे समाज के वार्षिकोत्सव के स्थाई अतिथि हैं वे हम सभी को आशीर्वाद देने के लिए हम लोग जब भी उन्हें याद करते हैं उपस्थित हो जाते हैं उनका आशीर्वाद हम सभी पर ऐसा ही बना रहे! इस अवसर पर श्रीमती गायत्री निषाद, मनहरण लाल केंवट जेठालाल केंवट, गोपाल केंवट सहित केवट समाज के पूरे राज्य भर से आए हुए अनेक पदाधिकारी एवं सामाजिक संगठन के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## लगरा माइनर नहर में तैरते मिला दिव्यांग युवक का शव

**पामगढ़।** मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लगरा माइनर में रविवार की सुबह एक दिव्यांग युवक की नहर पर तैरते लाश देखी गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुड़ गई। घटना की सूचना मुलमुला पुलिस को दी गई। मौके पर मुलमुला पुलिस पहुंचकर शव को बाहर निकलवा कर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंपा गया। युवक के शरीर में चोट के निशान होने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। मुलमुला पुलिस के अनुसार मनमोहन केंवट पिता पुनाऊ केंवट उम्र लगभग 38 वर्ष निवासी बनाहिल जिसका शव लगरा माइनर में सुबह 8 बजे मिला। शव की पहचान नहीं हो पा रही थी। फोटो सोशल मीडिया में डला तब परिजनों को इसकी जानकारी हुई। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को + पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। बनाहिल के ग्राम वासियों ने बताया कि मृतक रोजाना नहर पर नहाने जाता था और उसे तैरते भी आता था। लेकिन वह बहा कैसे यह जांच का विषय है।

# सक्ती में महामाया म्यूजिकल आर्केस्ट्रा का हुआ आगाज

### श्रद्धा, सुमन एवं अन्य कलाकारों ने बांधा शमां

**सक्ती।** जब से कराओके क्लब सक्ती का गठन हुआ है तब से लेकर आज तक पिछले 5 वर्षों में कराओके क्लब ने संगीत के क्षेत्र में जहां लाजवाब प्रदर्शन करते हुए एक अलग पहचान बनाई है। वही कराओके क्लब ने अपने प्रयास से महामाया म्यूजिकल आर्केस्ट्रा का शुभारंभ किया है। ज्ञात हो कि जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय खेल मैदान में 16 फरवरी 2024 दिन शुक्रवार को रात्रि के समय शानदार म्यूजिकल आर्केस्ट्रा का आयोजन महामाया म्यूजिकल आर्केस्ट्रा के द्वारा किया गया । जिसमें आर्केस्ट्रा के कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक गानों की प्रस्तुति दी गई पूरे आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान जहां दर्शक दीर्घा गानों में झूमते दिखे वहीं कार्यक्रम में सिंगर श्रद्धा सिंह एवं सुमन चौहान तथा अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गाने की प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को संगीतमय वातावरण में बदल दिया। इसमें सबसे खास बात यह रही की सक्ती के इतिहास में पहली बार बड़ी संख्या में वाद्य यंत्र बजाने वाले कलाकारों के साथ भव्य स्टेज में आर्केस्ट्रा का शुभारंभ किया गया । इससे पहले कराओके क्लब के पदाधिकारी सदस्यों के द्वारा महामाया म्यूजिकल आर्केस्ट्रा का आगाज करते हुए मां महामाया के तेल चित्र पर पूजा अर्चना करते हुए तथा अंबे तू है जगदंबे काली आरती के साथ आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में क्लब के पदाधिकारी ने बताया कि भविष्य में आर्केस्ट्रा को और भव्य रूप देने का प्रयास किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि महामाया म्यूजिकल आर्केस्ट्रा की बुकिंग विवाह एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए कर सकते हैं । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महामाया म्यूजिकल आर्केस्ट्रा के सीनियर गायक गुरु प्रसाद जायसवाल, हरीश दुबे, निरंजन यादव, मनोज सरकार, रवि यादव, पारस बघेल, संतोष महंत, अजय कटकवार, संतोष अनंत, विक्रम राज ने भरपूर सहयोग किया । इसी तरह महामाया म्यूजिकल आर्केस्ट्रा में महिला सिंगर के रूप में श्रद्धा सिंह एवं सुमन चौहान ने अपने गायकी से उपस्थित जन समूह का दिल जीत लिया।

**घंटे भर के झमाझम बारिश के बाद प्रारंभ हुआ आर्केस्ट्रा**

निर्धारित आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दिवस अचानक मौसम बिगड़ जाने से आर्केस्ट्रा में व्यवधान जरूर आया। लेकिन झमाझम बारिश के बाद भी आयोजकों ने अपना हौसला कायम रखा एवं महामाया म्यूजिकल आर्केस्ट्रा का शुभारंभ करते हुए शानदार आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का प्रदर्शन भी किया गया। जहां इस कार्यक्रम की शहर एवं ग्रामीण अंचल में सराहना की जा रही है। वहीं नवीन जिले में संगीत के सुखा को समाप्त करने के लिए लोगों ने कराओके क्लब को महामाया म्यूजिकल आर्केस्ट्रा लॉन्च पर करने पर बधाई दी है।

## मकान का ताला तोड़कर 50 हजार नकदी व गहनों की चोरी

**जांजगीर-चांपा ।** शिवराम कालोनी के एक मकान में अज्ञात चोर ने 16-17 फरवरी की दरमियानी रात ताला तोड़कर 50 हजार नकदी व 30 हजार के सोने चांदी के गहने पार कर दिया। पुलिस अज्ञात चोर के विरूद्ध अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

शिवराम कालोनी जांजगीर में डा. वृंदासेन गुप्ता किराए के मकान नंबर एसए 33 में रहती है। वह उपचार के लिए मथुरा, वृंदावन गई है। 17 फरवरी को सुबह साढ़े नौ बजे कालोनी के मंदिर के पुजारी राजकुमार दुबे दुबे ने उनके लड़के देवाशीष गुप्ता को फोन से सूचना दी कि उनकी मां के किराए के मकान का - ताला टूटा है। सूचना मिलने पर वह वहां जाकर देखा तो मकान का ताला टूटा था। अंदर जाने पर पता चला कि आलमारी का ताला भी टूटा है। जिला मुख्यालय के बुधवारी बाजार में पाकिट मारी आम बात हो गई है। यहां लोगों की पाकिट से रुपये उड़ाने वाले गिरोह सक्रिय रहते हैं आए दिन यहां मोबाइल की भी चोरी होती है मगर पुलिस चोरों को पकड़ने में असफल है। इसका फायदा चोर लगातार उठा रहे हैं। उसमें रखे सोने चांदी के गहने बाली, नथनी और फुल्ली तथा 50 हजार रुपये नगद सहित 80 हजार रुपये अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। देवाशीष ने इसकी सूचना थाने में दी। पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध भादवि की धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है और मामले की विवेचना किया है। कालोनीवासियों ने बताया कि इसी रात कुछ अन्य घरों और मंदिर में भी चोरों ने चोरी का असफल प्रयास किया।



## रेलवे स्टेशन के जन औषधि केंद्र का कब खुलेगा ताला

**जांजगीर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़े रेलवे स्टेशनों में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोलने की शुरुआत की थी। कई रेलवे स्टेशनों में इसकी शुरुआत हो चुकी लेकिन जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन के इस केंद्र में अब तक ताला नहीं खुल पाया है। इसके चलते केंद्र सरकार की योजना फलीभूत होते नजर नहीं आ रही है। कांग्रेसियों ने इसे केवल जुमले बाजी करार दिया है। रेलवे स्टेशन जांजगीर नैला में यात्रियों व आम लोगों की सुविधा के लिए दो माह पहले प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोलने की शुरुआत हुई थी, लेकिन यह केंद्र आज तक मूर्त रूप नहीं ले पाई। स्टेशन के सामने भवन बनकर तैयार है लेकिन यहां अब तक लोगों को सुविधा का लाभ नहीं मिल पाई है। कुछ लोगों का कहना है कि यह दवा दुकान आज तक नहीं खुली है।

केवल कागजों में ही ऐसे चल रही है। उनका मानना है कि यदि सरकार। ने यात्रियों के लिए यह सुविधा देने जा रही है तो इस जनऔषधि केंद्र का ताला क्यों नहीं खुल रहा है। वहीं नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष शर्मा पप्पू महराज ने कहा कि भाजपा सरकार की यही देन है। लोगों को अपने झांसा में लेने के लिए जनऔषधि केंद्र तो खोल दिया, लेकिन यहां का ताला अब तक नहीं खुला है। इसलिए जरूरी माना जा रहा यह केंद्र जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में आए दिन दुर्घटनाएं होती है।

किसी तरह का मेडिकल स्टोर भी नहीं है। ताकि लोग थोड़ी राहत के लिए दर्दनिवारक दवा खरीद सकें, लेकिन यह दवा खाना केवल शोपीस बनकर रह गई है। स्टेशन के आसपास यदि किसी तरह की दुर्घटना होती है या फिर कोई बीमार पड़ता है तो उसे सीधे शहर से 5 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल ले जाना पड़ता है।

## नवीन व्यवहार न्यायालय भवन जैजैपुर का हुआ भूमि पूजन

**जांजगीर।** जांजगीर जिला एवं सक्ति जिला के साथ वीडियो कांफ्रेंस के द्वारा 7 नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का भूमि पूजन एवं शिलालेख छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति माननीय श्री रमेश सिंहा ने वीडियो वर्चुअल से किया, वहीं पर इनकी विस्तार से जानकारी माननीय न्यायमूर्ति श्री पार्थ प्रतीम साहू ने किया इस कड़ी में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन जैजैपुर के बडेभाटा में जहां व्यवहार न्यायालय जैजैपुर नीलम बनसोडे जज ने पूजा अर्चना कर किया। जहां पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैजैपुर वर्षा रानी चिकन जुरी एवं विष्णु गहरवार मुख्य नगर पालिका अधिकारी जैजैपुर , अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मदनलाल खान्डे, भरत चंद्रा, वेंकट सिंह बनाफर, सेतराम कुरें एस एल रात्रे, निरंजन श्रीवास, श्रीमती भगवती भारद्वाज, जगदीश, सचिव संघ अध्यक्ष तुलसी चंद्रा, सुंदर साहू, स्वास्थ्य विभाग से पिलेश्वर चंद्रा हरगोबिन्द कोसले, महिला बाल विकास एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी के साथ अनेकों गणमान्य नागरिक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे । सभी लोगों ने नवीन व्यवहार न्यायालय भवन भूमि पुजन से हर्ष जाहिर किया है।

## पुलिस की छापेमारी में नशीली दवाओं का जखीरा बरामद

**रायगढ़।** जिले में फलफूल रहे नशे के कारोबार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने छापेमारी में प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा बरामद किया है. वहीं नशीली इंजेक्शन, प्रतिबंधित कैप्सूल और सिरप बेचने वाले स्थानीय डीलर, उड़ीसा के मेडिकल स्टोर के संचालक समेत नशे की सामग्री खरीदी-बिक्री करने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम

**जांजगीर-चांपा ।** टीसीएल कालेज जांजगीर के मनोविज्ञान विभाग में राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ताकि सामाजिक और मानसिक समस्याओं का सही समय पर पहचान कर समाधान प्राप्त कर सकें। प्रो. वरिष्ठ बृजेश प्राध्यापक बर्मन, डा. प्रो. एसके आरके मधुकर चंद्रा, प्रो. आरके दुबे, पूनम थवाईत, रोहित, रेश्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में यह बताया गया कि जीवन शैली और जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर ध्यान केंद्रित कर कैसे अपने मानसिक स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है। मनोविज्ञान की विभागाध्यक्ष डा. एमएम तिग्गा ने कार्यक्रम का संचालन किया। यहां टेलीमानस सेल के टोल फ्री नंबर 14416 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 24 घंटे इस पर काल कर अपने मानसिक स्थिति और समस्या की जानकारी देकर परामर्श ले सकते हैं। यह सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी है। इस दौरान मनोविज्ञान के छात्र-छात्रा बड़ी संख्या मनोविज्ञान विभाग कॉलेज, जंग सरकार योलजी पीएस मैप कैमरा में उपस्थित थे।

आश्रम का भ्रमण आज मनोविज्ञान के विद्यार्थी 19 फरवरी को खोखरा में देव सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम का भ्रमण करेंगे और वहां रह रहे लोगों सेचर्चा कर उनकी मानसिक व सामाजिक स्थिति की जानकारी लेंगे।

## माघी मेले के लिए साफ सफाई, बिजली पानी की व्यवस्था करें दुरुस्त

**शिवरीनारायण।** नगर में 24 फरवरी से 8 मार्च तक आयोजित होने वाले पंद्रह दिवसीय माघी मेले के संबंध में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने नगर पंचायत में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों व नगरवासियों की बैठक ली। उन्होंने माघी मेले के लिए साफ सफाई, बिजली पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही बड़ी गाड़ियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने और अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिवरीनारायण का ऐतिहासिक माघी मेला 24 फरवरी से शुरू होने वाला है जिसकी तैयारी के लिए केवल एक सप्ताह का समय शेष रह गया था। मगर बैठक लेने उच्च अधिकरियों को समय नहीं मिल पा रही थी। इसके कारण माघी मेले की तैयारी आगे नही बढ़ पा रही थी। नईदुनिया ने 16 फरवरी के अंक में शिवरीनारायण का माघी मेला आठ दिन शेष, कलेक्टर के बैठक नहीं लिए जाने से तैयारी में नहीं आ रही गति शीर्षक के साथ प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। जिसके बाद अधिकारी हरकत में आए और 18 फरवरी की शाम अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने नगर पंचायत के सभाकक्ष में बैठक ली।


**भारतीय वायु सेना INDIAN AIR FORCE**

**JOIN INDIAN AIR FORCE AS AN AIRMAN**

**भारतीय वायु सेना भारतीय/गोरखा (नेपाल का एक विषय) पुरुष उम्मीदवारों को 28 मार्च 2024 से 05 अप्रैल 2024 तक भर्ती रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित करती है। ग्रुप वाई में वायुसैनिक (गैर-तकनीकी) मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड के लिए इनटेक 01/2024**

**लाल परेड ग्राउंड, भोपाल, मध्य प्रदेश**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | स्थान/स्थान | लाल परेड ग्राउंड, भोपाल, मध्य प्रदेश |
| 2. | वैवाहिक स्थिति एवं तिथि जन्म खंड | **(ए) चिकित्सा सहायक (10+2 वाले उम्मीदवारों के लिए)।** उम्मीदवार अविवाहित होना चाहिए और जन्म 24 जून 2003 और 24 जून 2007 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच हुआ हो। **(बी) चिकित्सा सहायक (डिप्लोमा/बी.सिन फार्मेसी वाले उम्मीदवारों के लिए)।** अविवाहित उम्मीदवार का जन्म 24 जून 2000 और 24 जून 2005 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होना चाहिए। विवाहित उम्मीदवार का जन्म 24 जून 2000 से 24 जून 2003 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होना चाहिए। |
| 3. | शैक्षणिक योग्यता | (ए) उम्मीदवार को केंद्रीय, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेजी के साथ 10 + 2 इंटरमीडिएट समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए, कुल मिलाकर न्यूनतम 50%अंकों के साथ और अंग्रेजी में 50% अंकों के साथ। **या** केंद्रीय, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से गैर-व्यावसायिक विषयों यानी भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान और अंग्रेजी के साथ दो साल का व्यावसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें कुल मिलाकर न्यूनतम 50% अंक और अंग्रेजी में 50% अंक हों। (बी) उम्मीदवार को इंटरमीडिएट/10+2/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलेजी और अंग्रेजी में न्यूनतम 50% अंकों के साथ और अंग्रेजी में 50%अंकों के साथ। इसके अलावा, नामांकन के समय राज्य फार्मेसी काउंसिल या फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) से वैध पंजीकरण के साथ न्यूनतम 50% अंकों के साथ फार्मेसी में डिप्लोमा / बी.एससी। अनिवार्य आवश्यकता होगी. **नोट 1.** केंद्र, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड (10+2 या समकक्ष के लिए), केवल अनुमति दी जाएगी. **नोट 2.** दशमलव से पहले अंकों का सटीक कुल प्रतिशत, जैसा कि 10+2 / इंटरमीडिएट / समकक्ष / डिप्लोमा / फार्मेसी में बी.एससी की अंक तालिका में लिखा गया है या संबंधित शिक्षा बोर्ड के नियमों के अनुसार गणना की गई है, केवल उस पर विचार किया जाएगा (उदाहरण के लिए 49.99% होना चाहिए) 49% के रूप में लिया गया है और इसे 50% तक पूर्णांकित नहीं किया जाएगा)। |
| 4. | समूह और व्यापार | केवल मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड के लिए ग्रुप वाई (गैर-तकनीकी) में एयरमैन। |
| 5. | रैली का समय और तारीख | रैली स्थल पर रिपोर्टिंग का समय- **28 मार्च 2024, 31 मार्च 2024** और **03 अप्रैल 2024** को सुबह **6 बजे** (नीचे पैरा 6 में दिए गए विवरण के अनुसार) और रिपोर्ट करने का अंतिम समय 1000 बजे। |
| 6. | कवर किये गये राज्य/जिले | **28 मार्च 2024 (केवल 10+2 वाले उम्मीदवारों के लिए)** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के सभी जिले। **31 मार्च 2024 (केवल 10+2 वाले उम्मीदवारों के लिए)** गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दमन और दीव, लक्षद्वीप और दादर और नगर हवेली के केंद्र शासित प्रदेशों के सभी जिले। **03 अप्रैल 2024 (केवल फार्मेसी में डिप्लोमा / बीएससी वाले उम्मीदवारों के लिए)** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दमन और दीव, लक्षद्वीप और दादर और नगर हवेली के केंद्र शासित प्रदेशों के सभी जिले। |

**विस्तृत विज्ञापन के लिए वेब पोर्टल www.airmenselection.cdac.in पर लॉग इन करें।**

CBC-10803/11/0013/2324


# सोनोग्राफी सिर्फ एक दिन, मरीजों को नहीं मिल रही सुविधा

**जांजगीर - चांपा ।** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में सप्ताह भर में केवल एक दिन बुधवार को ही सोनाग्राफी हो रही है। यह अव्यवस्था जिला अस्पताल में पिछले पांच माह से चली आ रही है मगर इस बड़ी समस्या को दूर करने न तो अस्पताल प्रबंधन गंभीर है और न ही प्रशासन को कोई पहल कर रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी प्रशासन और विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं है। जिला अस्पताल में महीनों से यह सुविधा नहीं होने के बावजूद जिम्मेदारों को कोई नहीं सरोकार नहीं है। व्यवस्था के नाम पर नवागढ़ के एक डाक्टर को सप्ताह में एक दिन बुलाकर सोनोग्राफी करा दिया जाता है। इसके चलते पूरे जिले भर के गरीब तबके की महिलाएं भटकने या प्राइवेट सेंटर में 900 से 1000 देकर सोनोग्राफी कराने मजबूर हो रही हैं। जिला अस्पताल में निश्शुल्क सोनोग्राफी की सुविधा जरूरतमंदों को नहीं मिल पा रही है।

अगर लोगों को कोई बीमारी हो रही हैजिसमें सोनोग्राफी की जरूरत है और वे प्राइवेट सोनोग्राफी कराने सक्षम नहीं है तो वे दुआ करें कि ऐसी नौबत ही न आए और अगर कभी इस तरह की परिस्थिति बनती है तो केवल बुधवार को ही बने ताकि जिला अस्पताल में उसका सोनोग्राफी हो सके। जिला अस्पताल में इसी तरह की व्यवस्था है। यहां हर रोज बड़ी संख्या में लोग इलाज कराने के लिए आते हैं। खासकर गर्भवती महिलाओं को समय - समय पर गर्भ में पल रहे भ्रूण की जांच के लिए सोनोग्राफी कराना जरूरी रहता है। पहले सप्ताह में छुट्टी के दिनों को छोड़कर सभी दिन सोनाग्राफी होती थी, लेकिन पांच माह पहले जिला अस्पताल में पदस्थ रेडियोलाजिस्ट के नौकरी छोड़ देने के बाद से स्थिति बिगड़ गई है। पिछले पांच महीने से यह अव्यवस्था है मगर जिला प्रशासन सहित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कोई पहल करने के बजाय केवल कागजी कार्रवाई करने तक ही सीमित हैं। कई बार तो मरीजों को बिना सोनोग्राफी के ही वापस लौटना पड़ता है या फिर बाहर प्राइवेट सेंटर से सोनाग्राफी करवाना पड़ रहा है। दोनों ही दशाओं में मरीजों का खर्च बढ़ता है और दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में सोनोग्राफी के लिए डाक्टर नहीं है। पिछले पांच माह से एक दिन सोनाग्राफी करने के लिए नवागढ़ के बीएमओ को जिला अस्पताल बुलाया जाता है। गर्भवती महिलाएं बडी संख्या में जिला अस्पताल पहुंचकर सोनोग्राफी का इंतजार करते हैं। घंटो इंतजार के बाद उन्हें पता चलता है कि आज उनका सोनोग्राफी नहीं हो पाएगी। इसके लिए उन्हें बुधवार को आना पड़ेगा। वहीं कई गंभीर मरीज भी रहते हैं। ऐसे में उन्हें प्राइवेट सोनोग्राफी सेंटर की ओर रूख करना पड़ता है। ऐसे में एक तरफ प्रशासन स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की बात कहता है वहीं दूसरी तरफ जिला अस्पताल में पिछले पांच महीने में एक रेडियोलाजिस्ट की भर्ती नहीं की जा सकी है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कितना गंभीर है।

जिला अस्पताल में सोनोग्राफी के लिए महिलाओं को एक हफ्ते तक इंतजार करना पड़ रहा है। गर्भवती महिलाओं से लेकर पेट की तकलीफ वाले मरीजों को इसके कारण परेशानी हो रहे है। इमरजेंसी केस वाले मरीज प्राइवेट सेंटरों पर 800 -1000 रुपए देकर सोनोग्राफी कराने को मजबूर हैं। सप्ताह में एक दिन बुधवार को सोनोग्राफी होने के कारण जिला अस्पताल में 40 से अधिक महिला, पुरुष पहुंच जाते हैं। ऐसे में डाक्टर जितने लोगों का हो पाता है उतने का ही सोनोग्राफी करते हैं, इसके बाद पहुंचे मरीजों को लौटना पड़ता है। सोनोग्राफी भी ओपीडी टाइम में दोपहर एक बजे तक ही होती है।

जिला अस्पताल में जगह-जगह लोगों को सूचना देने के लिए नोटिस भी चस्पा कर दिया गया है, ताकि लोग केवल एक दिन में ही निर्धारित समय पर पहुंचकर अपना सोनोग्राफी करवाएं। इसमें जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीज बोर्ड को देखकर बैरंग लौट जाते हैं। सूचना में बुधवार को सोनोग्राफी की सुविधा की जगह सोनाग्राफी सुविधा नहीं लिखा गया है।

## अनमोल वचन

औरों के जोर पर उड़कर दिखाओगे
तो अपने परों से उड़ने का हुनर भूल जाओगे।

# यूपी में 11वीं सीट का खेला

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 10 सीटें खाली हो रही हैं, जिसके लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है। विधानसभा की संख्या के लिहाज से भाजपा को सात और समाजवादी पार्टी को तीन सीटें मिलेंगी। दोनों पार्टियों ने पहले अपने अपने कोटे की सीटों के लिए उम्मीदवार की घोषणा की थी। लेकिन नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन यानी गुरुवार को भाजपा ने अपना आठवां उम्मीदवार चुनाव में उतार दिया। अगर यह उम्मीदवार नहीं आता तो सभी 10 लोग निर्विरोध चुने जाते। लेकिन अब चुनाव की नौबत आ गई है। अगर नाम वापसी के दिन कोई उम्मीदवार नाम वापस नहीं लेता है तो 27 फरवरी को चुनाव होगा। भाजपा ने आठवां उम्मीदवार समाजवादी पार्टी के पुराने नेता संजय सेठ को बनाया है। सपा ने उनको 2016 में राज्यसभा में भेजा था। 2022 में कार्यकाल पूरा होने के बाद वे भाजपा में चले गए थे। अब उनके जरिए सपा के एक उम्मीदवार को हराने के लिए भाजपा ने दांव चला है।

इस समय उत्तर प्रदेश विधानसभा में चार सीटें खाली हैं। सो, 399 की संख्या के लिहाज से एक सीट जीतने के लिए 37 वोट की जरुरत है। भाजपा के अपने 252 सदस्य हैं। इसके अलावा अपना दल के 13 और निषाद पार्टी व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के छह-छह विधायक हैं। पिछले दिनों सपा का साथ छोड़ कर आए राष्ट्रीय लोकदल के नौ सदस्य हैं। इस तरह एनडीए के विधायकों की कुल संख्या 286 हो जाती है। उसे अपने सात सदस्यों की जीत के लिए 259 वोट की जरुरत है। उसके बाद उसके पास 27 वोट अतिरिक्त बचते हैं। दूसरी ओर रालोद के अलग होने के बाद सपा के पास अपने 108 और कांग्रेस के दो विधायक हैं। उसे तीन सीट जीतने के लिए 111 वोट की जरुरत है। यानी उसके पास एक वोट कम पड़ रहा है। इस बीच अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने उम्मीदवारों पर सवाल उठाते हुए कह दिया है कि वे वोट नहीं करेंगी। वे सपा के चुनाव चिन्ह पर जीती हैं इसलिए अगर वोट नहीं करती हैं तो सपा को दो अतिरिक्त वोट की जरुरत होगी। बताया जा रहा है कि रालोद के नौ में से चार विधायक ऐसे हैं, जो सपा के नेता हैं। सो, दोनों तरफ से क्रॉस वोटिंग की संभावना जताई जा रही है। सपा ने जया बच्चन, आलोक रंजन और रामजी लाल सुमन को उम्मीदवार बनाया है। जया बच्चन और आलोक रंजन को लेकर पार्टी नेताओं में नाराजगी है। इसलिए कहा जा रहा है कि कई विधायक क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं। जो हो भाजपा ने यूपी में राज्यसभा का चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

## राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। ऑफिस में नयी जॉइनिंग करने वाले लोगों का दिन अच्छा रहेगा। आज शाम घर पर अच्छा समय बिताएंगे। अपने बड़ों की बात आज ध्यानपूर्वक सुनें, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होंगी। व्यापारियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज मनमाफिक लाभ होगा । छात्र आज किसी प्रोजेक्ट को पूरी रुचि से पूरा करेंगे।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए बदलाव लाने वाला है। आपको अचानक किसी काम से मुनाफा होगा। इस राशि के जिन लोगों का स्टेशनरी का बिजनेस है, उनकी बिक्री में बढ़ोतरी होगी। खेलकूद से जुड़े लोगों को लाभ के कई मौके मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियाँ बरकरार रहेंगी। माता-पिता को बच्चों से किसी काम में सहयोग मिलेगा। आज आपके घर पर कोई रिलेटिव आ सकता है। सेहत के मामले में आपका दिन बेहतर बना रहेगा।

मिथुन राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज कुछ महत्वपूर्ण लोगों से आपकी मुलाकात होगी, जिनसे आपको कुछ नयी बातें सीखने को मिलेंगी। इस राशि के जो लोग पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें अपने काम के लिये तारीफ मिलेगी। इससे आपका उत्साह भी बढेगा। आपको किसी समस्या को सुलझाने का तुरंत रास्ता मिल जायेगा। आज सीनियर्स का सपोर्ट मिलने से अपने काम में बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज बिजनेसमैन को अच्छा-खासा फायदा होगा। इस राशि के बच्चों की पढ़ाई में रूचि बनी रहेगी। अ

कर्क राशि-आज का दिनआपके अपनों के लिए खुशियां लेकर आया है। आपको अपनी किसी बड़ी परेशानी जिसकी वजह से आप काफी दिनों से परेशान थे इसका आज सॉल्यूशन मिल जायेगा। आज जीवनसाथी आपके लिए कुछ ख़ास करने का प्लान बना सकते हैं। बेरोजगारों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जॉब का ऑफर आयेगा। इस राशि के जो लोग कृषि वर्ग से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन ऊर्जा से भरा रहने वाला है।

सिंह राशि-आज आप दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आपके किसी खास काम में आ रही रूकावट आज समाप्त हो जाएगी। ऑफिस का कोई काम शाम तक पूरा हो जायेगा। आज दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाएं ऑनलाइन बिजनेस की शुरुआत करने का प्लान बनाएंगी।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों को आज नई उपलब्धियां प्राप्त होंगी। इस राशि के जो लोग बिजनेस से जुड़े है उनको लम्बी यात्रा करनी पड़ सकती है। आपकी यात्रा मंगलमय रहेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आपके आसपास का पॉजिटिव बदलाव आपकी जिंदगी को बेहतर बनाएगा।

तुला राशि-आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज आपका कोई काम जिसे पूरा करने में कठिनाई आ रही थी वो काम आसानी से पूरा हो जायेगा। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा। नॉलेज में बढ़ोतरी होगी। आप अपने परिवार वालों को नई डिश बनाकर खिला सकते हैं। जिससे आपके परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। घर में नन्हें मेहमान आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

वृश्चिक राशि-आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत पर असर पड़ सकता है। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी विषय में चर्चा करेंगे। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों का आज कोई विरोध कर सकता है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

धनु राशि-आज आपका आत्मविश्वास बना रहेगा। परिवार के साथ अगर किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो जल्द पूरा होगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी। नए कामों को करने के लिए आपका परिवार पूरा साथ देगा। प्रॉपर्टी लेने से पहले जांच पड़ताल जरुर कर लें। इस राशि के किसानों के लिए ये समय फसल के नजरिये से अनुकूल रहेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज रोजगार को बढ़ाने के लिए नये नये आयडिया मिलेंगे। छात्रों को आज किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम हासिल होगा। ज्वेलरी का कारोबार कर रहे लोगों का कारोबार आगे बढेगा। आपका परिवारजनों के साथ यादगार समय व्यतीत होगा।

कुम्भ राशि-आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लाने वाला है। जो लोग फ्रेशर हैं, उनकी अच्छी जॉब लगेगी। आर्थिक रूप से आ रही कठिनाइयों से आपको निजात मिलेगी। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा। किसी करीबी से शुभ समाचार मिलेगा। विद्यार्थियों को स्वयं की मेहनत पर भरोसा रखना चाहिए, सफलता के अच्छे योग बन रहे हैं।

मीन राशि-आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपका विरोध करने वाले लोग भी आपके काम की सराहना देंगे। मानसिक रूप से शांति महसूस करेंगे। आज सगे सम्बन्धियों से आपको आर्थिक मदद मिलती रहेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने में सफलता मिलेगी। इस राशि के लोग जो लोग घर डेकोरेशन का काम कर रहे हैं।

# चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के बीच शुरू हो गया है शह-मात का खेल

//ललित गर्ग //

**2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर शतरंज की बिसात बिछ रही है। कुछ ही हफ्ते बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी एवं सभी विपक्षी दलों ने शतरंज की चालों की तरह अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर शतरंज की चालें चलते हुए एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। एक-एक मोहरे को ठीक जगह रख रहे हैं। कोई प्यादों से लड़ने की, तो कोई वजीर से लड़ने की रणनीति बना रहे हैं। कुछ प्यादे, वजीर बनने की फिराक में हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके गठबंधन की 400 का लक्ष्य लेकर ही चालें चल रही है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी अपनी चालों को फीट करने में जुटें हैं। शतरंज की एक विशेषता है कि राजा कभी अकेले से शिकस्त नहीं खाता और यही हम आगामी चुनाव के बन रहे दृश्यों से महसूस कर रहे हैं।**

राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है उसे सुधारना आना चाहिए। इसी को कहते है राजनीति। इसी राजनीति के महारथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की रणनीति तीक्ष्ण एवं प्रभावी बनकर सामने आ रही है। शतरंज के खेल की भांति राजनीति में भी कब किस घोड़े को और किस सैनिक को ऊंट को मारना है ताकि धमाकेदार चुनाव परिणाम तक पहुंचा जा सके, ये कला आनी चाहिए। इस कला में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। वह राजनीतिक शतरंज की चालों में माहिर है और उसकी दृष्टि नये बन रहे राजनीतिक जोड़-तोड़ पर लगी है। भाजपा की एक चाल के बाद विरोधी कितनी चाल चल सकता है, भाजपा के घोड़े ऊंट सैनिक को मारने के लिए विपक्षी दल क्या चाले चल सकते हैं, इस बात का भाजपा को पहले से ज्ञान है, उसे यह भी पता है कि वह कितने प्यादों को खो सकता है। उसे बचाने का खेल भाजपा खेलने लगी है।शतरंज में सफेद मोहरों की चाल पहले होती है और हर एक चाल की वरीयता मायने रखती है। ठीक इसी सोच पर भाजपा सभी चुनावी चालों में आगे रहना चाहती हैं। पर शुरुआत किस चाल से करें, जिसकी काट नहीं हो, यह भाजपा अच्छी तरह जानती हैं। तभी उसने प्रभावी एवं दूरगामी राजनीतिक से जुड़ी पहले चलने वाली चाले चलते हुए नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा दिया है। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड़ कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वहीं पांच राजनीतिक रत्नों को 'भारत रत्न' सर्वोच्च पुरस्कार की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल दिखाते हुए शह-मात का खेल खेल रही है। शतरंज के खेल की तरह राजनीति के खेल में भी घोड़ा ढाई घर आगे और ढाई घर पीछे चलकर मारता है, परिपक्व एवं मझे हुए राजनीतिक खिलाड़ियों एवं राजनीतिक दलों की यही चालें शुरू हो चुकी है, जिस कारण सभी विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाने का धर्म संकट है और प्रमुख दलों में भविष्य की राजनीतिक सत्ता को लेकर राजनीति की निष्ठायें पूरी तरह से धूमिल होती हुई भी दिखाई पड़ रही हैं। वर्तमान राजनीति सिद्धांतों पर नहीं रह गई है अब विभिन्न राजनीतिक दल येन केन प्रकरण पद और सत्ता हासिल करके सुख भोगना चाहते हैं और समाज में अपने रुतबे को कायम रखने की होड़ शुरू है। लेकिन सत्ता एवं स्वयं-स्वार्थ की इस होड़ के कारण नुकसान तो लोकतंत्र का ही हो रहा है। इसलिये आज सबकी आंखें और कान राजनीतिक दलों द्वारा प्रतिदिन लिये जाने वाले निर्णयों पर लगे हुए हैं। दोष किसी एक दल का नहीं, बल्कि उन सबका है जो चुनावी संग्राम को एक शतरंज की बिसात बना रखा है। चुनाव की घोषणा से पहले ही जो घटनाएं हो रही हैं वे शुभ का संकेत नहीं दे रही हैं। मतदाता भी धर्म संकट में है। उसके सामने अपना प्रतिनिधि चुनने का विकल्प नहीं होता। प्रत्याशियों में कोई योग्य नहीं हो तो मतदाता चयन में मजबूरी महसूस करते हैं। मत का प्रयोग न करें या न करने का कहें तो वह संविधान में प्रदत्त अधिकारों से वंचित होना/करना है, जो न्यायोचित नहीं है। काले और सफेद मोहरे शतरंज की फर्श पर ही आमने-सामने नहीं होते, पूरा चुनावी परिदृश्य ऐसे ही काले और सफेद रंगों में बंटती जा रही है। कहीं यह अगड़ों-पिछड़ों के नाम से तो कहीं वर्ग और जाति के नाम से आमने-सामने हैं। इस बार की लड़ाई कई दलों के लिए आरपार की है। अभी नहीं तो कभी नहीं। दिल्ली के सिंहासन को छूने व लालकिले पर ध्वज की डोरी पकड़ने के लिए सबके हाथों में खुजली आ रही है। उन्हें केवल अगले चुनाव की चिन्ता है, अगली पीढ़ी की नहीं। मतदाताओं के पवित्र मत को पाने के लिए पवित्र प्रयास की सीमा लांघ रहे हैं। यह त्रासदी बुरे लोगों की चीत्कार नहीं है, भले लोगों की चुप्पी है जिसका नतीजा राष्ट्र भुगतता रहा है/भुगतता रहेगा, जब तब भले लोग मुखर नहीं होगे। शतरंज के खेल की तरह शह और मात राजनीति में भी होती है, शतरंज के खेल में घोड़ा बहुत महत्वपूर्ण होता है। भाजपा ने ऐसे ही घोड़ों को अपने पक्ष में किया हैं, ये घोड़े चारों दिशाओं में से किसी एक में आवश्यकतानुसार ढाई घर चल सकता है। यह आक्रमण में निर्णायक भूमिका निभाता है और सुरक्षा भी प्रदान करता है। इसकी चाल को समझना आवश्यक है। वैसे मंत्री या वजीर सबसे शक्तिशाली मोहरा होता है, क्योंकि यह आगे-पीछे, आरे-तिरछे, अगल-बगल अपनी मर्जी एवं सुविधा से, कई घरों तक आ-जा सकता है। वैसे खेल तो प्यादों से शुरू होता है। आगे वे ही बढ़ते हैं। आक्रमण एवं सुरक्षा, दोनों की रणनीति, उनकी चाल को ध्यान में रख कर बनाई जाती है। सबसे बड़ी बात है कि आगे बढ़ते हुए वे आवश्यकतानुसार मंत्री, घोड़ा, ऊँट, हाथी कुछ भी बन सकते हैं। उनके महत्व को कम करके नहीं देखा जा सकता। भाजपा के पास विपक्षी दलों की तुलना में ऐसे मंत्री, घोड़ा, ऊँट, हाथी सब है। जबकि विपक्षी दल अपनी कुचालों से इन सबको खोते जा रहे हैं। यह सही है कि सहयोगियों के गठबंधन छोड़ने की शुरुआत भी एनसीपी में पड़ी फूट के बाद से ही हो गई थी, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलटना इस अर्थ में निर्णायक कहा जा सकता है कि वही गठबंधन के सूत्रधार की भूमिका निभा रहे थे। उन्हें अपनी ओर खींचकर भाजपा और एनडीए ने विपक्षी दलों के विशाल गठबंधन से बनते नैरेटिव को जबर्दस्त झटका दिया। इस झटके से उबरने की कोशिशें ढंग से शुरू होतीं, उससे पहले ही पश्चिम यूपी के जाट बहुल इलाके में दखल रखने वाले आरएलडी नेता जयंत चौधरी ने भी पाला बदल लिया। निश्चित रूप से इन सब शतरंजी चालों के पीछे एनडीए की तरफ से हो रहे सुनियोजित प्रयासों की भूमिका है। लेकिन इंडिया गठबंधन खेमा जिस तरह से बिखर रहा है, उसका पूरा श्रेय एनडीए की कोशिशों को नहीं दिया जा सकता।

इसकी काफी जिम्मेदारी विपक्षी दलों के नेताओं को भी अपने सिर पर लेनी होगी। विपक्षी दलों का मंच इंडिया गठबंधन पिछले साल मुश्किलों के बीच जिस तरह से बना और फिर जितनी तेजी से इसने उम्मीदें जगानी शुरू कीं, उतनी ही तेजी से उन उम्मीदों को ध्वस्त भी करता जा रहा है। भाजपा की शतरंज पर बिछी बिसात का अहम हिस्सा नंबर से आगे जाकर पूरे देश में ऐसा माहौल बनाना है जिससे लोगों में उसके लिये अधिकतम स्वीकार्यता का भाव आये। मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिये राष्ट्रीय एकता, नया भारत, सशक्त भारत का सन्देश अहम है। राजनीतिक चारित्रिक उज्ज्वलता, ईमानदारी और नैतिकता शतरंज की चालें नहीं मानवीय मूल्य हैं। अतः नीति ही राजा, नीति ही मोहरें और नीति ही चालें हो।

# राम मंदिर, ज्ञानवापी, मथुरा...यह हिंदुत्व के नव उल्लास का दौर चल रहा है

//उमेश चतुर्वेदी //

**राममंदिर आंदोलन के उफान के दिनों में विश्व हिंदू परिषद ने एक नारा दिया था, अभी तो ये झांकी है, काशी-मथुरा बाकी है। सेकुलर जमात समेत राममंदिर के तमाम विरोधी संघ परिवार को निशाना बनाने के लिए इस नारे को भी जरिया बनाते थे। राम भक्तों को उम्मीद तो थी कि एक न एक दिन उनके आराध्य राम का मंदिर जरूर बनेगा, लेकिन उसके जल्द साकार होने की उम्मीद नहीं थी। जब राममंदरि के ही जल्द बनने की गुंजाइश नहीं दिखती थी, तब काशी और मथुरा के देवस्थानों की मुक्ति का सपना भी दूर की कौड़ी लगता था। बीती 22 जनवरी को राम मंदिर साकार हो चुका है, काशी के ज्ञानवापी परिसर का सर्वे हो चुका है और वहां के तलघर स्थित व्यास मंदिर की पूजा-अर्चना की न्यायिक राह भी खुल गई है।**

इन घटनाओं से उम्मीद बढ़ चली है कि जल्द ही काशी का विश्वेश्वर मंदिर भी मध्यकालीन आक्रांता के क्रुर निशानों से मुक्त हो जाएगा। इसी तरह मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि पर अवैध कब्जे पर न्यायिक सुनवाई जारी है। बदले हालात में सेकुलरवादी खोल में गंग-जमुनी संस्कृति की धारा बहाते रहे इतिहासकारों के सुर भी बदलने लगे हैं। खुले तौर पर ऐतिहासिक तथ्यों को स्वीकार करने के उहापोह से और बौद्धिक बेईमानी से वे बाहर निकलने लगे हैं। वामपंथी इतिहासकार इरफान हबीब खुलेआम स्वीकार कर चुके हैं कि मध्यकाल में काशी, मथुरा और अयोध्या पर मुगल आक्रांताओं ने कब्जा किया था। वैसे इसे स्वीकार करने के लिए उन्हें विशेष रूप से अयोध्या और वाराणसी में मिले पुरातात्विक साक्ष्य और प्रमाण ने भी मजबूर किया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर अयोध्या की जब पुरातत्व सर्वेक्षण ने खुदाई की तो वहां मंदिर होने के अकाट्य प्रमाण मिले।इसी तरह वाराणसी की सत्र अदालत के निर्देश पर जब ज्ञानवापी मंदिर का पुरातात्विक सर्वेक्षण हुआ तो वहां भी शिवलिंग मिला, हिंदू मंदिर के भित्ति चित्र मिले, मस्जिद की दीवारों पर सनातनी आस्था के प्रतीक मिले। इन तथ्यों के आलोक में कोई निर्लज्ज इतिहासकार ही होगा, जो मध्यकालीन आक्रांताओं के क्रूर आक्रमणों और कब्जे को नकार पाएगा। इतिहासकारों के अनुसार, अकेले औरंगजेब के ही राज में देश के एक हजार मंदिर तोड़े गए। औरंगजेब का शासन 1658 से 1707 यानी कुल 9 साल रहा। अपने शासनकाल में औरंगजेब ने मंदिरों को तोड़ा और उनकी जगहों पर मस्जिदें बनवाईं। काशी की ज्ञानवापी और मथुरा की मस्जिद औरंगजेब के हिंदुत्व विरोधी कार्य की देन है। वैसे तोड़े गए मंदिरों की संख्या को लेकर इतिहासकारों की एक राय नहीं है। लेकिन उनका मानना है कि हजारों मंदिर तोड़े गए।राममंदिर बन चुका है। साल 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद इस विवाद का अंत हुआ। वैसे हमें याद रखना चाहिए कि अयोध्या के राममंदिर को 1528 में बाबर के सेनापति मीर बकी ने तोड़कर बाबरी मस्जिद बनवाई थी। जिस ज्ञानवापी मंदिर को लेकर इन दिनों चर्चा है, उसके बारे में कहा जाता है कि काशी का विश्वनाथ मंदिर प्राचीन काल से ही है। इतिहासकारों के अनुसार, 1100 ईसा पूर्व राजा हरिश्चंद्र और फिर सम्राट विक्रमादित्य ने इसका जीर्णोद्धार कराया था। जिसको 1194 में मुहम्मद गौरी ने लूटा और उसे तोड़ दिया। बाद में इसे हिंदू राजाओं ने बनवाया, लेकिन 1447 में जौनपुर के सुल्तान महमूद शाह ने इसे फिर तोड़ दिया। फिर 1585 ई. में राजा टोडरमल की मदद से पं. नारायण भट्ट ने यहां भव्य मंदिर का निर्माण करवाया। 1632 में इसे तोड़ने के लिए शाहजहां ने सेना भेजी, लेकिन भारी विरोध की वजह से मंदिर नहीं तोड़ा जा सका। लेकिन यहां के 63 मंदिर तोड़ दिए गए। औरंगजेब ने सत्ता संभालने के बाद 18 अप्रैल 1669 को मंदिर पर आक्रमण बोला और उसे तोड़कर ज्ञानवापी मस्जिद बनवाई। बाद में 1777 से 80 के दौरान महारानी अहिल्याबाई होलकर ने मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया। मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि की भी कुछ ऐसी ही कहानी है। इतिहासकारों के मुताबिक, औरंगजेब ने यहां बने प्राचीन केशव मंदिर को तोड़कर उसी जगह 1660 ईस्वी में शाही ईदगाह मस्जिद बनवाई। इस पर कब्जे को लेकर 1770 में गोवर्धन में मुगल और मराठा सेनाओं की भिड़ंत हुई, जिसमें इसमें मराठाओं की जीत हुई। विजय के बाद मराठा लोगों ने फिर से यहां मंदिर बनवाया। लेकिन मस्जिद का एक हिस्सा कायम रहा। अब इसको लेकर भी न्यायिक सुनवाई शुरू हो चुकी है। इसी तरह गुजरात के सोमनाथ मंदिर को भी पहले गजनवी ने लूटा और तोड़ा। जिसका आजादी के फौरन बाद सरदार पटेल की पहल पर जीर्णोद्धार हुआ। राम मंदिर के लिए करीब साढ़े चार सौ साल तक संघर्ष चला। कई बार खून बहा। आजाद भारत में भी कम से कम तीन बार राममंदिर के लिए खून बहा। लेकिन उसके विवाद को सुलझाने की राह न्यायिक मंदिर से निकली। हालांकि यह तथ्य भी स्वीकार करने से गुरेज नहीं होना चाहिए कि अगर छह दिसंबर को बाबरी ढांचा गिराया नहीं गया होता तो शायद न्यायिक राह भी इस तरह नहीं खुलती। लेकिन राममंदिर विवाद के पटाक्षेप में जिस तरह न्याय के मंदिर ने भूमिका निभाई है, उससे ही उम्मीद बनी है कि मथुरा और ज्ञानवापी के विवाद को सुलझाने और मध्यकालीन आक्रांताओं की निशानी को दूर करने में अदालत की मददगार होगी। ज्ञानवापी के सर्वे के बाद मिले साक्ष्यों के बाद यह आशा और बलवती ही हुई है। कृष्ण जन्मभूमि विवाद को लेकर जिस तरह सुनवाई आगे बढ़ रही है, उससे लगता है कि जल्द ही मथुरा में कान्हा की किलकारी की अनुगूंज सुनाई देगी, कृष्णलीलाओं वाला मंदिर यहां मूर्त होगा और भक्तों को कान्हा लुभाने लगेंगे। इतिहासकार इरफान हबीब ने भले ही यह स्वीकार कर लिया हो कि मध्यकाल में मुगलों ने हिंदू मंदिरों को तोड़ा, लेकिन लगे हाथों यह कहने से भी वे नहीं रूके कि पांच सौ साल पुराने विवाद को सुलझाने के लिए तोड़े गए मंदिर को वापस देने से विवाद ही बढ़ेगा। यानी एक तरह से हबीब जैसे सेकुलर जमात के लोग भावी विवाद और संघर्ष को थामने के साथ ही मुस्लिम समुदाय के अधिकारों को संरक्षित करने की बौद्धिक कोशिश कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहनराव भागवत इन दिनों बार-बार कह रहे हैं कि काशी, मथुरा और अयोध्या की पुनर्स्थापना के बाद हिंदू समुदाय को अतीत के बाकी विवादों को भूल जाना चाहिए। सामाजिक समभाव के लिए यह विचार भले ही जरूरी हो, लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि राममंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनरूद्धार के बाद देशभर में मुगलों द्वारा तोड़े गए मंदिरों के उद्धार की भावना बलवती हो सकती है। जिन मंदिरों की जगह पर मस्जिदें खड़ी हैं, उनके खिलाफ भी जनमानस का दबाव बढ़ेगा। इतिहासकारों के लिखे शब्दों में उन मंदिरों का रिकॉर्ड दर्ज भले ही ना हो, लेकिन श्रुति परंपरा में गांव-गांव तक हिंदू मंदिरों पर बनी मस्जिदों की कहानियां लोक स्मृति में पैठी हुई हैं। उन्हें भुला पाना सामूहिक स्मृतियों के लिए आसान नहीं होगा। इसलिए यह तय मानिए कि जबरिया तोड़े गए मंदिरों की आवाज गांव-गांव से उठेगी। इससे संघर्ष का नया दौर भी शुरू हो सकता है। अयोध्या में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जिस तरह लोकभावना का ज्वार उमड़ा पड़ा है, उससे हिंदुत्व की अलग तरह की धारा बह रही है। जिसमें जातियों के विभाजन की लकीर धुंधली पड़ गई है। राम के नाम पर जाति और वर्ग का बंटवारा कमजोर पड़ा है। साफ है कि राम की धारा बह रही है। वैसे राम की कोई अलग धारा नहीं है, जो राम की धारा है, वही कृष्णराग भी है और शिव का तांडव भी।

## तस्वीरों की दुनिया



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के वायनाड में हाथी के हमले में मारे गए वन चौकीदार अजीश के परिवार से मुलाकात की।



झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली के भारत मंडपम में भाजपा राष्ट्रीय सम्मेलन 2024 के दौरान बोलते हुए।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में भाजपा राष्ट्रीय सम्मेलन 2024 के दौरान बोलते हुए।



बारामूला जिले के गुलमर्ग में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से लदे रुकी रिसॉर्ट का दृश्य।



बेंगलुरु में रथ सप्तमी समारोह के हिस्से के रूप में लोगों ने विधान सौध के सामने योग किया।

# चार फसलों पर पांच साल की गारंटी, किसानों ने मांगा समय... जानें चार घंटे चली बैठक में किन मुद्दों पर हुई चर्चा



चंडीगढ़, 19 फरवरी [एजेंसी]।

फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य और किसानों की कर्ज माफी सहित अन्य मांगों को लेकर चंडीगढ़ में रविवार रात किसान नेताओं के साथ हुई चौथे दौर की वार्ता में सरकार ने फसलों के विविधीकरण को लेकर कपास, नरमा, दालों और मक्की पर पांच साल तक एमएसपी की गारंटी देने के प्रस्ताव रखा है।उन्होंने कहा कि नैफेड व अन्य सरकारी संस्थाएं पांच वर्ष तक ये फसलें खरीदेंगी। इस पर किसान नेताओं ने संगठन के अन्य साथियों के साथ बात कर जवाब देने के लिए सोमवार सुबह दस बजे तक का समय मांगा।बताया जा रहा है कि रात सवा आठ बजे से शुरू होकर करीब चार घंटे तक चली बैठक में सरकार की तरफ से कहा गया कि सरकारी बैंकों से लिए गए कृषि ऋण को माफ किया जा सकता है, लेकिन निजी ऋण किसानों को खुद चुकाने होंगे। एक किसान नेता ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने का मुद्दा भी उठाया था।वार्ता में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय खाद्य एवं आपूर्ति पीयूष गोयल व गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां भी शामिल थे। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के जगजीत सिंह डल्लेवाल और किसान मजदूर संघर्ष समिति के महासचिव सरवन सिंह पंधेर ने किसानों की तरफ से पक्ष रखा। जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्रियों ने सबसे पहले शंभू बॉर्डर पर दिवंगत होने वाले किसान और हरियाणा पुलिस के जवान को श्रद्धांजलि दी।उल्लेखनीय है कि आठ, 12 और 15 फरवरी को हुई बैठकें भी बेनतीजा रही थीं। भगवंत मान 15 फरवरी को हुई तीसरे दौर की बैठक में भी शामिल हुए थे।बैठक के बाद पीयूष गोयल ने कहा कि किसानों के साथ सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि बैठक में फसली विविधीकरण के तहत चार फसलों पर पांच साल तक एमएसपी की लिखित गांरटी देने का प्रस्ताव रखा है। अब निर्णय किसानों को लेना है।बताया जा रहा है कि वार्ता में ए2+एफएल फार्मूले पर केंद्र सरकार ने जोर दिया। सरकार का कहना था कि इस फार्मूले के तहत बीज, खाद, सिंचाई व अन्य वस्तुओं की कीमतों और मजदूरी के आधार पर ही फसल की लागत तय होगी।सरकार ने संकेत दे दिया है कि जब तक आचार संहिता नहीं लगी है, तब तक हम जो कर सकते हैं, उसी पर किसान नेता बात करें। केंद्रीय मंत्रियों ने कहा कि पिछले आंदोलन के दौरान 3,500 किसानों पर जो केस दर्ज हैं, उनको सरकार वापस ले सकती है। ए2 के तहत किसान द्वारा बीज, उर्वरकों, कीटनाशकों, श्रम, पट्टे पर ली गई भूमि, ईंधन, सिंचाई आदि पर किए गए प्रत्यक्ष व्यय को शामिल किया जाता है। ए2+एफएल के तहत ए2 के साथ-साथ अवैतनिक पारिवारिक श्रम का एक अधिरोपित मूल्य शामिल किया जाता है।उधर, संयुक्त किसान मोर्चा (राजनीतिक) की बैठक लुधियाना में हुई। इसमें भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) सहित 32 किसान संगठनों के नेता शामिल हुए। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 20 से 22 फरवरी तक तीन दिन पंजाब के सभी भाजपा नेताओं के घरों का घेराव किया जाएगा। इसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, सांसद और विधायकों के घर भी शामिल होंगे। इसके अलावा सभी टोल प्लाजा निश्शुल्क कराए जाएंगे। अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए दिल्ली में 22 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा के 500 संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक होगी।

## सिंगापुर एयरशो में वायुसेना की सारंग टीम दिखाएगी जलवा, चेक गणराज्य और कोरिया जैसे 16 देश ले रहे भाग



सिंगापुर, 19 फरवरी [एजेंसी]।

भारतीय वायुसेना की सारंग एयरोबेटिक टीम आगामी मंगलवार से प्रस्तावित सिंगापुर एयरशो में शानदार एयरोबेटिक्स युद्धाभ्यास का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। चांगी प्रदर्शनी केंद्र में आगामी 20 से 25 फरवरी तक आयोजित किए जाने वाले पांच दिवसीय कार्यक्रम में 50 से अधिक देशों व क्षेत्रों की एक हजार से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। 2003 में गठित सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक प्रदर्शन 2004 में सिंगापुर में एशियन एयरोस्पेस शो में ही किया था।

भारतीय वायुसेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के 71 जवानों वाली एक टीम पांच उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के साथ मेगा कार्यक्रम में भाग लेगी। हिंदुस्तान एयरनाटिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन ध्रुव हर मौसम में मल्टी-मिशन में सक्षम हेलीकॉप्टर है। हेलीकॉप्टर की विशेषताएं इसे सैन्य भूमिकाओं के लिए उपयुक्त बनाती हैं।रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सारंग डिस्प्ले टीम विश्वभर में 385 से अधिक स्थानों पर 1200 से अधिक बार अपने युद्धाभ्यास का प्रदर्शन कर चुकी है।

के आयोजक एक्सपीरिया के एमडी लेक चैत लेम ने बताया कि कार्यक्रम में एयरबस, बीएई सिस्टम्स, बोइंग, एविक, कोमैक, राल्स रायस जैसी विश्व की 20 शीर्ष विमानन कंपनियां व चीन, चेक गणराज्य और कोरिया जैसे 16 देश प्रतिभाग करेंगे।

## रोडवेज की पंजाब सेवा ठप... फिर भी रोज लग रहा एक लाख पैसेंजर टैक्स, 23 हजार किमी चल रही बसें



अंबाला शहर, 19 फरवरी [एजेंसी]।

हरियाणा रोडवेज अंबाला डिपु से पंजाब की तमाम सेवाएं एक सप्ताह से बंद हैं। इसके बावजूद अंबाला रोडवेज पंजाब सरकार को रोजाना पैसेंजर टैक्स के रूप में एक लाख रुपये दे रही है। बसें चलें न चलें यह पैसेंजर टैक्स नियमित रूप से कटता रहेगा। चूंकि पैसेंजर टैक्स पूरे सालभर का कटता है। अंबाला से पंजाब के कुल 48 रूट हैं। अंबाला से लुधियाना, अंबाला से अमृतसर, अंबाला से राजपुरा, अंबाला से जालंधर, अंबाला से पटियाला इत्यादि तमाम रूट बंद हैं और अंबाला से पंजाब में अंबाला रोडवेज की कोई बस नहीं जा रही। सबसे ज्यादा पैसेंजर टैक्स अंबाला रोडवेज पंजाब सरकार को ही देती है। किसानों के दिल्ली कूच के चलते अंबाला रोडवेज बसें महज 23 हजार किमी सफर ही तय कर पा रही हैं।

करीब 45 बसें तो प्रशासनिक मदद में लगाई गई हैं। पंजाब कोई बस जा नहीं रही। इसी तरह से चंडीगढ़ के चक्कर भी रोडवेज की बसों की घट गए हैं।इसी तरह दिल्ली जाने वाली बसों की संख्या भी बेहद कम रह गई है। किसानों के शंभू बार्डर पर डेरा डालने से पहले अंबाला रोडवेज की बसें औसतन करीब 44 हजार किमी सफर तय करती थी और करीब 15 लाख रुपये की टिकटों की सेल होती थी। वर्तमान में रोडवेज की बसें करीब 23 हजार किलोमीटर यानी आधा मार्ग ही तय कर पा रही हैं और 8 से साढ़े 8 लाख रुपये की टिकटें ही सेल हो पा रही हैं। इस तरह पैसेंजर टैक्स सहित रोडवेज का कुल घाटा 8 लाख रुपये प्रतिदिन हो रहा है।हालात यह हैं कि अंबाला-अमृतसर, अंबाला- चंडीगढ़ और अंबाला दिल्ली नेशनल हाईवे सील होने के कारण अंबाला-जगाधरी नेशनल हाईवे पर सारा लोड हो गया है।

## करैरा नगर परिषद ने नर्सरी में फेंके गोवंश कई शव बने कंकाल... सांस लेना हुआ दूभर

शिवपुरी, 19 फरवरी [एजेंसी]।

करैरा के नगरीय क्षेत्र से करीब एक किमी की दूरी पर स्थित वन विभाग की जुझाई नर्सरी में करैरा नगर परिषद ने गौवंश के शवों को ढेर लगा दिया। यहां पर पिछले करीब छह महीने से लगातार मृत गोवंश के शव लाकर फेंके जा रहे हैं। शवों के सड़ने से यहां इतनी बुरी स्थिति हो गई है कि खड़े होकर सांस लेना भी दूभर है।वहीं कई शव तो पूरी तरह से कंकाल में तब्दील हो गए हैं। यहां अभी भी एक सैकड़ा से अधिक शव और कंकाल पड़े हुए हैं। वन विभाग ने नगर परिषद पर यहां गोवंश के शव फेंकने का आरोप लगाया है। वहीं नगर परिषद के जिम्मेदारों का कहना है कि सभी शवों को उठाकर नियमानुसार गड्ढा खोदकर दफन कर दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार बीट गार्ड से सूचना मिलने पर रविवार की सुबह वन विभाग और पशु चिकित्सा विभाग की टीम जुझाई नर्सरी में महमूद बीट आरफ क्रमांक 460 पर पहुंचे। सब रेंज अधिकारी शिमला मसराम के साथ पशु चिकित्सालय दिनारा में पदस्थ डॉ. अरविंद जाटव भी



मौजूद थे।यहां उन्होंने देखा तो बड़ी संख्या में गोवंश के शव मिले। कुछ कंकाल बन गए थे जिससे यह स्पष्ट हुआ कि शव तीन से छह महीने तक पुराने भी हैं। सब रेंज अधिकारी के अनुसार यह शव नगर परिषद द्वारा फेंके गए हैं। शवों के आसपास बड़ी मात्रा में कचरा और पॉलीथिनें भी पड़ी हुई हैं। निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों ने रिपोर्ट वरिष्ठ स्तर पर सौंपने की बात कही है। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पीएम कर जांच रिपोर्ट बनाई जाएगी जिससे मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल अधिकांश गोवंश की मौत का प्राथमिक कारण पालीथिन का सेवन नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो यह जगह नगर के वार्ड क्रमांक 15 से महज एक किमी की दूरी पर स्थित है। हर दिन करैरा में बीमारी या अन्य कारणों से दो से तीन गोवंश की मौत होती ही है। इनके शव यहीं पर डंप कर दिए जाते हैं।

ठंड के मौसम में गोवंश की अधिक मौत हुई हैं जिसके कारण यहां पर शवों का ढेर लग गया है। यहां किसी दूसरी जगह से शव फेंके जाने की भी आशंका नगण्य है क्योंकि क्षेत्र करैरा के ही नजदीक है। यहां से हाइवे भी थोड़ी दूरी पर स्थित है।शिमला के डिप्टी रेंजर ने बताया कि बीट गार्ड से यहां पर मृत गाय पड़ी होने की सूचना मिली थी जिसके बाद जांच के लिए यहां आए हैं। नगर पालिका द्वारा मृत गायों को फेंका गया है। गोवंश मृत मिलने की जानकारी मिली थी। यहां छह महीने तक के शव पाए गए हैं जिसमें कुछ कंकाल भी हैं। हमें यहां 40 शव मिले हैं। मौत के कारणों को लेकर पीएम रिपोर्ट बनाकर भेजेंगे। पशु चिकित्सक डॉ. अरविंद जाटव ने कहा कि गोवंश हमारे द्वारा नहीं फेंके गए हैं।

## चीफ खालसा दीवान के प्रधान पद पर हुए चुनाव, सुरिंदरजीत को 92 मतों से हरा डॉ.निज्जर दूसरी बार बने सीकेडी के प्रधान



**अमृतसर।** चीफ खालसा दीवान के प्रधान पद के हुए चुनाव में डॉ. इंद्रबीर सिंह निज्जर प्रधान चुने गए हैं। उन्होंने सीकेडी बचाओ फ्रंट के उम्मीदवार सुरिंदरजीत सिंह पाल को 97 मतों के अंतर से पराजित किया। मौजूदा कार्यकारी प्रधान डॉ. निज्जर को 247, जबकि फ्रंट के प्रत्याशी सुरिंदरजीत को 150 मत हासिल हुए।डॉ. निज्जर गुट ने छह पदों में से पांच पर अपना कब्जा जमा लिया है, विरोधी गुट के सचिव पद के उम्मीदवार रमनीक सिंह फ्रीडम जीत दर्ज करने में सफल रहे हैं। रविवार को हुए मतदान के तहत उपप्रधान के दो पदों के लिए निज्जर गुट के संतोख सिंह सेठी एवं जगजीत सिंह बंटी जीत दर्ज करने में सफल रहे।सेठी को 242 जबकि विरोधी गुट के अमरजीत सिंह को 150 मत पडे। इसी तरह उपप्रधान पद के लिए ही जगजीत सिंह बंटी को 212 जबकि सर्बजीत सिंह को 180 जबकि अमरजीत सिंह को 150 मत ही हासिल हुए। स्थानीय प्रधान पद के लिए निज्जर गुट के कुलजीत सिंह साहनी को 226 जबकि सुखदेव सिंह मत्तेवाल को 165 मत हासिल हुए। सचिव के दो पदों के लिए निज्जर गुट के सविंदर सिंह कत्थूनंगल को 221, जबकि विरोधी गुट के जसविंदर सिंह ढिल्लों को 186 मत पडे।सचिव पद के लिए विरोधी गुट के रमणीक सिंह फ्रीडम विजेता रहे।

उन्हें 217,जबकि निज्जर गुट के डॉ. अजीत सिंह बसरा को 154 मतों पर संतोष करना पडा। इस तरह सीकेडी के छह पदों में से निज्जर गुट ने पांच सीटों पर जीत का परचम लहराया।इससे पहले रविवार को सुबह 10 से पांच बजे तक हुए मतदान के दौरान सीकेडी के कुल 491 सदस्यों में से 399 सदस्यों ने मतदान किया। 92 सदस्य किन्हीं कारणों ने अपने मत के अधिकार का इस्तेमाल करने में विफल रहे।इसी दौरान माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब विरोधी गुट के निष्कासित सदस्यों ने मतदान केंद्र के बाहर दो घंटे के लिए धरना देते हुए रोष प्रदर्शन किया।

## 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनना है तो करने होंगे निरंतर नवाचार, अमिताभ कांत ने कही बड़ी बात

मुंबई, 19 फरवरी [एजेंसी]।

भारत को अगर 2047 तक 35 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनना है तो तीन दशकों तक उसकी इकोनमी 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़नी चाहिए। भारत के जी-20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि निरंतर नवाचार करते रहने की भी आवश्यकता है।यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, अभी हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और 2027 तक हम जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर




दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि 2047 में जब हम स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मना रहें हों तब हमारी आर्थिकी 35 ट्रिलियन डॉलर हो। अगर ऐसा होता है तो उस समय भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

उन्होंने कहा कि अभी हम दुनिया में सबसे युवा देश हैं और हमारी औसत आयु 29 वर्ष है। जब हमारी आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तब हमारी औसत आयु 33 वर्ष होगी और हम शेष विश्व को 31 प्रतिशत कुशल कार्यबल प्रदान करेंगे।

## पेंसिल्वेनिया के जज ने अपने पूर्व प्रेमी के सिर में मारी गोली, सोते समय दिया घटना को अंजाम

पेंसिल्वेनिया, 19 फरवरी [एजेंसी]।

पेंसिल्वेनिया के एक न्यायाधीश पर अपने पूर्व प्रेमी को सोते समय सिर में गोली मारने का आरोप लगाया गया है। मामले में दर्ज हलफनामे के अनुसार, यह घटना 9 फरवरी की है। यह घटना उस समय घटी, जब पीड़ित माइकल मैककॉय ने मजिस्ट्रियल डिस्ट्रिक्ट जज सोन्या मैकनाइट के साथ अपने एक साल के रिश्ते को खत्म करने की बात कही। न्यूयॉर्क पोस्ट ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने कहा कि 54 वर्षीय मैककॉय ने अपने एक साल के रिश्ते को खत्म करने के बाद मैकनाइट को बाहर निकालने के लिए कई बार कोशिश की थी। पुलिस ने बताया कि माइकल 9 फरवरी को एक रेस्तरां से घर आया और घर से बाहर निकालने के लिए मैकनाइट की मां की मदद लेने की योजना बनाई।पुलिस ने कहा कि माइकल मैककॉय को समझ आ गया कि दोनों के बीच रिश्ता खत्म हो गया है। हालांकि, वह रात करीब 11 बजे बिस्तर पर गया, लेकिन भारी सिर दर्द के कारण उसकी नींद खुल गई, जिससे वह चिल्लाने लगा और घबरा गया। उसकी चीख ने मैकनाइट को उसके कमरे में सचेत कर दिया। पुलिस ने कहा कि अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें दाहिनी कनपटी पर गोली लगी थी, जो बायीं कनपटी से बाहर निकल गई। शूटिंग के परिणामस्वरूप, उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी।

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस विधायकों के पार्टी छोड़ने से राज्यसभा चुनाव पर नहीं पड़ेगा कोई असर, नामांकन की प्रक्रिया पूरी

भोपाल, 19 फरवरी [एजेंसी]।

मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ व उनके पुत्र सांसद नकुल नाथ के साथ यदि कांग्रेस के कुछ विधायक भी पार्टी छोड़ देते हैं या निर्वाचन से पहले त्याग-पत्र दे देते हैं तो भी राज्यसभा चुनाव अप्रभावित रहेगा। कांग्रेस के अशोक सिंह राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो जाएंगे। दरअसल, नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नामांकन पत्र जांच में विधिमान्य पाया गया है। चूंकि, मध्य प्रदेश से राज्यसभा की पांच सीटें रिक्त हो रही हैं और इतने ही नामांकन पत्र भरे गए हैं। 230 सदस्यीय विधानसभा में दलीय स्थिति ऐसी है कि भाजपा चार और कांग्रेस एक सदस्य को राज्यसभा भेजने की स्थिति में है।

एक सदस्य के चुनाव के लिए 38 वोट चाहिए। कांग्रेस के अभी 66 विधायक हैं। रिक्त हुई पांच सीटों के लिए पांच ही नामांकन भरे गए हैं। इसमें चार भाजपा के और एक कांग्रेस का प्रत्याशी शामिल है।राज्यसभा चुनाव में नामांकन-पत्रों की जांच के बाद अब केवल नाम वापसी की प्रक्रिया शेष रह गई है। 20 फरवरी को तीन बजे तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। इस अवधि तक नाम वापसी नहीं होती है तो फिर रिटर्निंग आफिसर द्वारा निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी जाएगी। पांच स्थानों के लिए पांच ही नामांकन-पत्र भरे गए हैं, इसलिए मतदान की आवश्यकता ही नहीं होगी।

विधानसभा के प्रमुख सचिव और इसके पहले तक राज्यसभा चुनाव के लिए रिटर्निंग आफिसर बनते रहे एपी सिंह का कहना है कि जब नामांकन जमा हुए थे तब सदस्यों ने प्रस्तावक के तौर पर नामांकन-पत्र पर हस्ताक्षर किए थे।जांच में किसी ने कोई आपत्ति भी नहीं उठाई, इसलिए अब चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है और इसके प्रभावित होने का सवाल ही पैदा नहीं होता है।

## आम आदमी पार्टी के तीन पार्षद बीजेपी में शामिल, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व अध्यक्ष ने किया स्वागत

चंडीगढ़, 19 फरवरी [एजेंसी]।

चंडीगढ़ की सियासत में उस समय बड़ा धमाका हो गया जब आम आदमी पार्टी के पार्षद पूनम देवी, नेहा मुसावट भाजपा में शामिल हो गए एवं गुरचरण काला की घर वापसी हुई। तीनो पार्षदों का भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद के साथ पार्टी के पटके पहनाकर भाजपा में स्वागत किया।इस अवसर पर विनोद तावड़े ने कहा तीनो पार्षदों को भाजपा में पूर्ण मान सम्मान मिलेगा और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी। अरूण सूद ने बताया के भाजपा के पास पूर्ण बहुमत है और मेयर भाजपा का ही रहेगा और चंडीगढ़ भाजपा लोक भलाई की नीतियों के चलते भाजपा का कारवां बढ़ता रहेगा।इस अवसर पर नेहा मुसावट ने कहा के आम आदमी पार्टी अपनी नीतियों में असफल रही है और वह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा ज्वाइन कर रही है। पूनम देवी ने कहा के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों और दलितों के मसीहा हैं।उन्होंने समाज के हर वर्ग के लिए बहुत विकास के काम किए है और वह भाजपा ज्वाइन कर के बहुत खुश हूं। गुरचरण काला ने कहा के वह पहले ही भाजपा में थे, वह कुश लोगों के हाथों गुमराह हो गए थे और पुनः भाजपा में ही हैं।भाजपा में



शामिल हुए आम आदमी पार्टी के पार्षद गुरचरणजीत सिंह काला का कहना है कि वह कुछ दिन पहले आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए थे वह गुमराह हो गए थे। ऐसे में अब वह फिर से भाजपा में शामिल हो गए हैं क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के तीन पार्षद के पार्टी में शामिल होने पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि पार्टी की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित हूं। उन्होंने आप पर निशाना साधते हुए कहा कहा कि भाजपा उन्हें बिना किसी झूठे वादे के न्याय देगी और तीनों का पार्टी में स्वागत भी किया।उन्होंने आगे कहा कि मुझे विश्वास है कि वे चंडीगढ़ के नागरिकों की बेहतरी के लिए काम करेंगे। बता दें कि आप के तीनो पार्षदों ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के दिल्ली आवास पर उनकी उपस्थिती में भाजपा में शामिल हुए।आप नेता प्रेम गर्ग ने अपने पार्षदों नेहा और पूनम के भाजपा में शामिल होने पर दुख व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे दो पार्षद नेहा और पूनम को भाजपा ने खरीद लिया है। यहां तक कि नगर निगम के मेयर जैसे चुनाव के लिए भी बीजेपी को ऑपरेशन लोटस को अंजाम देना पड़ा। यह वाकई शर्म की बात है। माननीय न्यायालयों को सत्ताधारी दल द्वारा अपने धन के थैलों का उपयोग करके इस खरीद-फरोख्त का अवश्य संज्ञान लेना चाहिए।हमारी मांग है कि अनिल मसीह द्वारा धोखे से अवैध घोषित किए गए सभी 8 मतपत्रों को वैध माना जाए और आप के उम्मीदवार को मेयर घोषित किया जाए। साथ ही माननीय सुप्रीम कोर्ट को नगर निगम में दल-बदल विरोधी कानून लागू करने की दृढ़ता से सिफारिश करनी चाहिए, जहां चुनाव पार्टी प्रतीकों पर होते हैं। मेयर का चुनाव हाथ उठाकर होना चाहिए।

## CBI ने गिरफ्तारी की जानकारी देने के दिशानिर्देशों में किया संशोधन,अधिकारियों को दिए कई निर्देश

नईदिल्ली, 19 फरवरी [एजेंसी]।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा गिरफ्तारी, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी की जानकारी (रिपोर्टिंग) देने से संबंधित दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। इस कदम का मकसद सिंडिकेट द्वारा धोखाधड़ी के प्रयासों पर लगाम लगाना और जोखिम आधारित लक्ष्य में सुधार करना है। सीबीआईसी की ओर से अधिकारियों को दिए एक निर्देश में कहा गया है कि गिरफ्तारी, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी की घटना की रिपोर्ट सीमा शुल्क क्षेत्रों (जोन) द्वारा या तो साझा नहीं की जा रही है या कभी-कभी साझा की जा रही है। कई मामलों में गिरफ्तारी की रिपोर्ट में जो ब्योरा दिया जाता है, वह पर्याप्त नहीं होता। सीबीआईसी के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, सीमा शुल्क क्षेत्र के मुख्य आयुक्त/महानिदेशक को किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर इसकी रिपोर्ट ईमेल के माध्यम से सीबीआईसी को भेजनी होगी। गिरफ्तारी रिपोर्ट में हिरासत में लिए गए व्यक्ति की राष्ट्रीयता और उसके अपराध का ब्योरा देना होगा।इसके अलावा अधिकारियों को जब्त किए गए सामान की मात्रा और उसके मूल्य का विवरण भी उपलब्ध कराना होगा। ऐसे मामलों में जहां सीमा शुल्क अधिकारी द्वारा गिरफ्तारी नहीं की गई है, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी से संबंधित रिपोर्ट संबंधित क्षेत्र के आयुक्त द्वारा तुरंत सीबीआइसी को भेजी जानी है।

# पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द से निजात के लिए ये 5 आदतें बदलें



**महिलाओं को हर महीने आने वाले पीरियड्स अपने साथ शारीरिक परेशानियां लेकर आते हैं। इस दौरान सबसे बड़ी दिक्कत होती है पेट में होने वाला दर्द। इस दर्द को पीरियड क्रैंप कहते हैं।दरअसल, पीरियड्स के दौरान गर्भाशय की मांसपेशियों में सिकुड़न होती है, जिस वजह से दर्द उठता है। इस स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से निपटने के लिए आपको अपनी रोजाना की कुछ आदतों को बदलना होगा ।आइए ये आदतें और इन्हें बदलने की टिप्स जानते हैं।**

पर्याप्त मात्रा में पानी न पीना

खुद को हाइड्रेटेड रखने से आपको पीरियड्स में होने वाले दर्द से राहत मिल सकती है। डॉक्टरों के अनुसार रोजाना 8 गिलास पानी पीना सेहत के लिए अनिवार्य होता है।पीरियड्स के मुश्किल दिनों में पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से पेट की सूजन भी कम होती है और साथ ही दर्द से राहत मिलती है।हालांकि, हाइड्रेटेड रहने के लिए सोडा या कोल्ड ड्रिंक न पीयें। ये आपके दर्द को बढ़ा सकते हैं।

शारीरिक गतिविधियां न करना

**पीरियड्स के दौरान शारीरिक** गतिविधियां करना कभी न भूलें। यह बात सभी जानते हैं कि ऐसे जटिल दर्द में शरीर को हिलाना एक मुश्किल काम होता है, लेकिन दर्द से राहत पाने के लिए ये बेहद जरूरी है।पीरियड्स के वक्त शारीरिक एक्सरसाइज करना सुनिश्चित करें। आप इस दौरान सैर पर जा सकती हैं। इसके अलावा आप स्ट्रेचिंग या डांस करके भी खुद को एक्टिव रख सकती हैं।

**कई महिलाऐं पीरियड्स के समय** अपनी डाइट से ज्यादा खा लेती हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पीरियड्स के दौरान ज्यादा भूख लगती है। इसके चलते अक्सर महिलाएं जंक फूड या स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह खाने का सेवन करने लगती हैं।इस वक्त जरूरी होता है अपने शरीर में पौष्टिक और स्वास्थ्य लाभों से युक्त खाना पहुंचना। आप पोटैशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम और विटामिन-डी से लैस खान-पान का चुनाव करें।हो सके तो फल, ताजी सब्जियां और ड्राई फ्रूट्स खाएं।

**ठंडे पानी से नहाना**

पीरियड्स के दौरान ठंडे पानी से नहाने की गलती कभी न करें। पीरियड्स के वक्त आपको अपने शरीर को ठंड से बचाना होता है। इस समय ठंड लगने से पेट दर्द में इजाफा होता है।ऐसे में आप गर्म या हल्के गुनगुने पानी से ही नहाएं। गर्म पानी से नहाने से आपके बदन की सिकाई होती है, जिसके कारण दर्द से भी राहत मिलती है।इस दौरान ठंडे-ठंडे नहीं, बल्कि गर्म-गर्म पानी से नहाना चाहिए।

**मानसिक तनाव में रहना**

पीरियड्स के समय आपको तनाव से बचने के जरूरत है। तनाव शरीर में हार्मोनल मार्गों को प्रभावित करता है और यह पीरियड साइकिल को नियंत्रित करने वाले हार्मोन को भी प्रभावित कर सकता है।तनाव से अनियमित पीरियड होने का खतरा रहता है। इससे पीरियड क्रैम्प्स और भी दर्द देने वाले हो जाते हैं।पीरियड्स के दौरान आप ऐसे काम करें, जिनसे आपका मन खुश और शांत रहे।



## केल बनाम पालक: जानिए सेहत के लिए इनमें से किसका सेवन है ज्यादा बेहतर

जब हरी पत्तेदार सब्जियों की बात आती है तो सूची में सबसे आगे केल और पालक को माना जाता है।ये दोनों सब्जियां विभिन्न खनिजों से भरपूर होती हैं, जिस वजह से इन्हें डाइट में शामिल करने से कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं, लेकिन इनमें से बेहतर कौन-सी सब्जी है?कई लोग इस बात को लेकर बहस करते हैं कि केल में पालक से ज्यादा पोषण होते हैं। आइए इन दोनों सब्जियों की तुलना कर इसकी सच्चाई जानते हैं।

**केल और पालक का स्वाद**

केल ब्रैसिका ओलेरासिया पौधे के परिवार से संबंधित है और इसकी पत्तियां गहरे हरे रंग की होती हैं। केल की पत्तियों को सलाद के तौर पर खाया जाता है और इनका स्वाद थोड़ा कड़वा और चटपटा होता है।हालांकि, केल की कुछ किस्में खाने योग्य नहीं होती हैं।पालक ऐमारैंथ नामक पौधे के परिवार से संबंधित है। इसका स्वाद हल्का कड़वा होता है और इसे कच्चा या पकाकर खाया जा सकता है।

**पालक के फायदे**

पालक कई ऐसे पोषक तत्वों से समृद्ध होता है, जो शारीरिक और मानसिक विकास में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। इसके साथ ही ये कई गंभीर बीमारियों के प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं।उदाहरण के लिए, मधुमेह के स्तर को नियंत्रित रखने, मोटापे से राहत दिलाने और कुछ तरह के कैंसर के जोखिम को कम करने में पालक सहायक साबित हो सकता है।पालक का सेवन हड्डियों और मेटाबॉलिज्म के लिए भी लाभदायक है।

**केल के सेवन से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ**

केल में अन्य पत्तेदार सब्जियों की तुलना में अधिक मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण शामिल होते हैं, इसलिए इसका सेवन शरीर से मुक्त कणों को दूर करने और अलग-अलग तरह की शारीरिक सूजन को कम करने में मदद कर सकता है।यहीं नहीं, केल में एंटी-ऑक्सीडेंट के साथ-साथ कार्डियोप्रोटेक्टिव और हेपेटोप्रोटेक्टिव प्रभाव मौजूद होते हैं, जो हृदय और लीवर को सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।इसलिए केल को डाइट में जरूर शामिल करें।

**इनमें से किसका चयन करना ज्यादा बेहतर है?**

केल और पालक की पोषण सामग्री और स्वास्थ्य लाभों में छोटे-छोटे अंतर ही हैं, इसलिए यह आपका व्यक्तिगत फैसला की इनमें से किसका चयन करना चाहिए।वैसे दोनों ही सब्जियां स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं, लेकिन इनका अधिक सेवन सेहत के लिए खतरा भी बन सकता है। इसलिए इनका सेवन सीमित मात्रा में ही करें।पालक को तो आप इन 5 व्यंजनों के जरिए भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

## मोनालिसा के लेटेस्ट लुक ने इंटरनेट पर मचाया बवाल



भोजपुरी क्वीन मोनालिसा आए दिन अपनी बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरों से फैंस को हैरान कर देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में फैंस के बीच वायरल होने लगती हैं। हाल ही में मोनालिसा ने अपनी लेटेस्ट स्टनिंग लुक्स में तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस फोटोज से धमाल मचाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं।

वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके सारे लुक्स को काफी पसंद भी करते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों को देखकर फैंस उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं मोनालिसा ने ग्रीन कलर का स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है।

एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही क्लासी और हॉट नजर आ रहीं हैं, जिन पर फैंस अपना दिल हार बैठे हैं।

मोनालिसा की इन स्टनिंग फोटोज को देखकर फैंस कॉमेंट्स के जरिए उनकी पोस्ट पर तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है नाइस आई लाइक इट तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है आप बहुत ही खूबसूरत हैं।

बताते चलें कि एक्ट्रेस मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

# उर्दू भाषा के तौर-तरीकों और लहजे को अपनाना आसान नहीं था: सीरत कपूर

शो रब से है दुआ में मन्नत का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री सीरत कपूर ने खुलासा किया कि उर्दू भाषा के तौर-तरीकों और लहजे को अपनाना आसान नहीं था।

एक महिला द्वारा दूसरी शादी के लिए अपने पति के अनुरोध पर सवाल उठाने के बारे में शो की अलग-अलग कहानी मुख्य कलाकारों अदिति शर्मा (दुआ), करणवीर शर्मा (हैदर) और ऋचा राठौड़ (गज़ल) के साथ पूरे शो के दौरान सुर्खियों में रही।

हालांकि, शो में 22 साल का लीप आएगा और अदिति शर्मा की जगह अभिनेत्री रेमन कक्कड़ बड़ी दुआ की भूमिका निभाएंगी। उन्हें अब एक मजबूत कुलमाता के रूप में देखा जाता है जिसने पारिवारिक व्यवसाय संभाल लिया है। यह शो अब दुआ की बेटियों - सौतेली बहनों इबादत (हैदर और ग़ज़ल की बेटी), और मन्नत (हैदर और दुआ की बेटी) की यात्रा पर केंद्रित होगा, जो पुरुषों द्वारा बहुविवाह की अनुमति देने वाले कानून के दुरुपयोग के खिलाफ हैं। इसमें टेलीविजन के दिलों की धड़कन धीरज धूपर सुभान की भूमिका निभाएंगे, और सीरत और येशा रुघानी क्रमश: मन्नत और इबादत की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अपनी भूमिका की तैयारियों के बारे में बात करते हुए, सीरत ने कहा: मैंने बहुत सारा होमवर्क किया क्योंकि मैं चाहती थी कि यह बहुत स्वाभाविक और प्रामाणिक हो। मैं इस खूबसूरत भाषा को बोलने में कोई गलती नहीं करना चाहती थी। हमारे पास कार्यशालाएं थीं और मैंने पढ़ा और ढेर सारा सामान सुना। उन्होंने साझा किया, यह कोई आसान काम नहीं था, लेकिन यह बहुत मजेदार था। कठिनाई इसे दिलचस्प बनाती है, आपको बहुत सी नई चीजें सीखने को मिलती हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए सीरत ने बताया कि मन्नत एक बहुत मजबूत और आत्मविश्वासी लड़की है, जो अपने लक्ष्यों और आकांक्षाओं को लेकर स्पष्ट है। वह महत्वाकांक्षी है लेकिन बच्चों जैसी भी है, जो मुझे उसके बारे में बहुत पसंद आया। वह बहुत बहुस्तरीय है और उसमें कई शेड्स हैं। वह अपने साथ-साथ दूसरों के अधिकारों के लिए भी लड़ती है इसलिए वह सबसे अलग है। सीरत ने पहले खुलासा किया था कि वह अपने किरदार से काफी जुड़ी हुई हैं, लेकिन कोशिश कर रही हैं कि वह अपने किरदार को घर तक न ले जाएं। शो इमली का हिस्सा रहीं अभिनेत्री ने कहा, एक अभिनेत्री के रूप में, मैं इसे नहीं करना सीख रही हूं। यह कुछ ऐसी चीज है जिसके लिए अभ्यास की



आवश्यकता होती है, इसलिए मैं हर समय आत्म-जागरूक रहना सीख रही हूं।

## एनिमल पार्क में दिखेगा रणबीर कूपर का ज्यादा खूंखार अंदाज

रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर जैसे सितारों से सजी फिल्म एनिमल 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 556.31 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।एनिमल की सफलता के बाद अब दर्शक फिल्म की दूसरी किस्त एनिमल पार्क का इंतजार कर रहे हैं।ताजा खबर यह है कि एनिमल पार्क की स्क्रिप्ट के लेखन की शुरुआत फरवरी से होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, एनिमल पार्क की स्क्रिप्ट पर काम अगले महीने से शुरू होगा। फिल्म की शूटिंग 2025 में शुरू होगी।दूसरे भाग की कहानी ठीक उस समय तैयार हो गई थी, जब एनिमल लिखी गई थी। इसमें रणबीर का एनिमल से ज्यादा खतरनाक अवतार देखने को मिलेगा।एनिमल पार्क की कहानी रणविजय और उनके हमशक्ल पर केंद्रित होगी।

## रजनीकांत की लाल सलाम ने 8 दिनों में ही बॉक्स ऑफिस पर तोड़ा दम, लाखों कमाना भी हुआ मुश्किल

**आठ साल के ब्रेक के बाद ऐश्वर्या रजनीकांत ने अपनी लेटेस्ट रिलीज फिल्म लाल सलाम के साथ डायरेक्शन में कमबैक किया है. फिल्म में ऐश्वर्या के पिता और सुपरस्टार रजनीकांत ने भी एक्सटेंडेड कैमियो किया है. वहीं विशु विशाल और विक्रांत ने स्पोर्ट्स ड्रामा में लीड रोल निभाया है. इस फिल्म को रिलीज हुए 8 दिन हो चुके हैं लेकिन ये सिनेमाघरों में दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई है. इसी के साथ फिल्म कमाई के मामले में भी पीछे रह गई है. चलिए यहां जानते हैं लाल सलाम ने रिलीज के 8वें दिन कितनी कमाई की है.**



लाल सलाम 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत ही काफी धीमी रही. 3.55 करोड़ रुपये से लाल सलाम ने अपना खाता खोला था. उम्मीद थी की वीकेंड पर फिल्म का कारोबार बढ़ेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ और फिल्म की कमाई में हर दिन गिरावट दर्ज की गई. अब तो आलम ये है कि लाल सलाम बॉक्स ऑफिस पर रेंग रही है.

फिल्म की कमाई की बात करें तो लाल सलाम ने पहले दिन 3.55 करोड़, दूसरे दिन 3.25 करोड़, तीसरे दिन 3.15 करोड़, चौथे दिन 1.55 करोड़, पांचवें दिन 1.45 करोड़, छठे दिन 1.21 करोड़ और सातवें दिन 0.92 करोड़ की कमाई की. इसी के साथ लाल सलाम के पहले हफ्ते का कलेक्शन महज 15.08 करोड़ रुपये हो पाया. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक लाल सलाम ने रिलीज के 8वें दिन महज 27 लाख की कमाई की है. इसके बाद लाल सलाम का 8 दिनो का कुल कलेक्शन 15.35 करोड़ रुपये हुआ है. लाल सलाम की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस काफी निराशाजनक है. फिल्म अब लाखों में भी कमाई नहीं कर पा रही है और महज आठ दिन में ही लाल सलाम का बॉक्स ऑफिस पर खेल खत्म होता हुआ नजर आ रहा है. फिल्म के लिए टिकट खिड़की पर और ज्यादा टिकना नामुमकिन लग रहा है.

## शब्द सामर्थ्य -338


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 337 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | क्री | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | त्रा | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

## वाणी कपूर, परेश रावल और अपारशक्ति खुराना ने मिलाया हाथ, इस फिल्म में दिखेंगे साथ



बीते कुछ सालों में कई पारिवारिक ड्रामा फिल्मों ने दर्शकों का मनोरंजन किया है तो कमाई के मामले में भी इनका अच्छा प्रदर्शन रहा है।इनमें जुग जुग जियो, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी और सत्यप्रेम की कथा जैसी कई फिल्में शामिल हैं।ऐसे में अब निर्माताओं का झुकाव पारिवारिक ड्रामा फिल्मों की ओर बढ़ रहा है।इसी बीच अब निर्देशक नवजोत गुलाटी ऐसी ही फिल्म लाने की तैयारी में हैं, जिसके लिए सितारों का चयन हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, गुलाटी की इस बिना शीर्षक वाली फिल्म का निर्माण निकी विक्की भगनानी फिल्म्स द्वारा किया जाएगा। सूत्र ने बताया कि निर्माता इस फिल्म के लिए वाणी कपूर, परेश रावल और अपारशक्ति खुराना के साथ काम करने के इच्छुक थे। ऐसे में जब इन सितारों से फिल्म के लिए संपर्क किया गया तो ये तिकड़ी तुरंत राजी हो गई।तीनों पहली बार किसी फिल्म के लिए साथ आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की शूटिंग जल्द ही लंदन में शुरू होने वाली है। इसमें वाणी और अपारशक्ति भाई-बहन की भूमिका निभा रहे हैं तो परेश का किरदार भी काफी शानदार होगा।सूत्र ने आगे बताया कि इस फिल्म की कहानी आधुनिक समय में खराब हो रहे रिश्तों की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी, जिसमें ड्रामे के साथ कॉमेडी भी देखने को मिलेगी। गुलाटी ने फिल्म के निर्देशन के साथ ही लेखन का जिम्मा भी खुद उठाया है।

# सलका स्टेडियम पर 2.66 करोड़ खर्च

## मिट्टी भराई, बाउंड्रीवॉल व लेवलिंग के लिए सवा 4 करोड़ और लगेंगे

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत सलका में 3 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत से बने स्टेडियम का निर्माण 4 साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। खिलाड़ियों के लिए खेल सुविधा उपलब्ध होना तो दूर, ग्राउंड की लेवलिंग सहित स्टेडियम का कार्य बजट राशि की कमी से बंद पड़ा है। मौजूदा स्थिति यह है कि स्टेडियम का एक कोना करीब 7 से 10 फीट गहरे खाई में है। मैदान में कांटेदार झाड़ियां और खरपतवार उग आई है।

स्टेडियम का निर्माण पूरा करने के लिए पीडब्ल्यूडी ने सवा 4 करोड़ का रिवाइज्ड एस्टीमेट तैयार किया है। यानी 2 करोड़ 66 लाख खर्च होने के बावजूद स्टेडियम पर सवा 4 करोड़ और खर्च होंगे। लापरवाही की हद यह है कि अफसरों को मालूम था कि जमीन समतल नहीं है, फिर भी उबड़ खाबड़ जमीन पर स्टेडियम बनाया गया। खिलाड़ियों का कहना है कि इतनी राशि में सलका स्कूल ग्राउंड के स्टेडियम को बेहतर बनाया जा सकता था। स्कूल ग्राउंड मुख्य मार्ग से लगा हुआ भी है। शहरी क्षेत्र बैकुंठपुर की बात करें तो, यहां मिनी स्टेडियम व एसईसीएल ग्राउंड की स्थिति भी ठीक नहीं है। आए दिन आयोजनों के कारण मैदान में गड्ढे हैं। मिनी स्टेडियम में परेड व सरकारी कार्यक्रम के कारण गिट्टी व मुरूम डाल दी गई है। दोनों मैदान बदहाल पड़े हैं।



**स्टेडियम का एक कोना अब भी गहरे गड्ढे में**

ग्राम पंचायत सलका के उप सरपंच हितेश प्रताप सिंह ने कहा कि 13 नवंबर 2019 से चल रहे स्टेडियम का निर्माण अब तक पूरा नहीं हो सका है। 4 साल में पीडब्ल्यूडी स्टेडियम का निर्माण पूरा नहीं करा सकी है। स्टेडियम का कार्य करीब 85 फीसदी पूरा हो चुका है, लेकिन एक कोना अब भी गहरे गड्ढे में है। मैदान लेवलिंग के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को यहां रिटर्निंग वॉल बनाकर बड़ी मात्रा में मिट्टी फिलिंग करनी पड़ेगी।

ग्राम सलका के खिलाड़ी उमेश राजवाड़े, मोहन राजवाड़े, अविनाश विश्वकर्ता, अनमोल एक्का व पारस नाथ विश्वकर्मा का कहना है कि वे स्कूल ग्राउंड में प्रैक्टिस करते हैं, लेकिन मैदान में भी कई जगह छोटे गड्ढे हैं। इसमें प्रैक्टिस में समस्या आती है। पंचायत में छोटे-बड़े आयोजन भी स्कूल ग्राउंड में ही होते हैं। इतनी राशि में स्कूल ग्राउंड को ही बेहतर बनाया जा सकता था। स्टेडियम निर्माण कार्य 4 साल से चल रहा है, लेकिन अब भी यह पूरा नहीं हो सका है। स्टेडियम के एक कोने में गहरी खाई है। वहीं मैदान भी समतल नहीं हो सका है।

**4 साल बाद भी निर्माण कार्य अधूरा**

खिलाड़ियों के लिए शहर से 5 किमी दूर ग्राम पंचायत सलका में हाइवे से लगकर सर्वसुविधा युक्त स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन 4 साल बीतने के बावजूद स्टेडियम का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में शहर के खिलाड़ी दौड़ की प्रैक्टिस सड़क पर कर रहे हैं, तो कहीं खिलाड़ी खेतों में प्रैक्टिस को मजबूर हैं। शहर के मिनी स्टेडियम की जमीन इतनी उबड़-खाबड़ हो गई है कि युवाओं का दौड़ना मुश्किल है। खिलाड़ियों का कहना है कि मैदान में दौड़ने से पैरों में मोच तक आ सकती है। सलका स्कूल ग्राउंड का भी यही हाल है। खिलाड़ी प्रैक्टिस को लेकर परेशान हैं।

**रिवाइज्ड एस्टीमेट तैयार कर रहे-ईई**

पीडब्ल्यूडी के ईई ने कहा कि प्रशासकीय स्वीकृति 506.09 लाख की मिली थी। ठेकेदार 20त्न बिलो पर काम कर रहा था। स्टेडियम निर्माण की लागत 396.09 लाख मंजूर हुआ था। अब तक 266 लाख का भुगतान हो गया है। रिवाइज्ड एस्टीमेट तैयार कर रहे हैं। पहले भी 841 लाख का एस्टीमेट गया है। जिसपर 506 लाख की स्वीकृति मिली थी। ग्राउंड समतल नहीं होने के कारण रिटर्निंग वॉल का निर्माण करवाना पड़ रहा है। मेन स्टेडियम का कार्य पूरा हो गया है। बचा हुआ कार्य एक महीने में पूरा हो जाएगा।

### मरीजों की बेहतर स्वास्थ्य के लिए हर सम्भव प्रयास-स्वास्थ्य मंत्री

# जिला सहित सामुदायिक व प्राथमिक अस्पतालों में पौने दो दर्जन डॉक्टरों की पदस्थापना

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विगत माह कोरिया प्रवास के दौरान बैकुंठपुर के विधायक भइया लाल राजवाड़े के साथ जिला अस्पताल, नए निर्माणाधीन जिला अस्पताल व मातृत्व-बच्चे अस्पताल का निरीक्षण भी किया था। उन्होंने विभिन्न समस्याओं व आवश्यकताओं के बारे में जानकारी भी ली थी। एक फरवरी को झुमका जल महोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में उन्होंने कोरिया के जिला अस्पताल को उच्चस्तरीय सुविधा मुहैया कराने तथा विभिन्न अस्पतालों में डॉक्टरों की पदस्थापना शीघ्र करने की बात भी कही थी।

इसी कड़ी में संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, रायपुर द्वारा जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में एम.डी., एमबीबीएस डॉक्टर के साथ सामुदायिक व प्राथमिक अस्पताल केन्द्रों में पौने दो दर्जन एमबीबीएस डॉक्टरों की पदस्थापना आदेश जारी की गई है। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं से मिली जानकारी के मुताबिक जिला चिकित्सालय, बैकुंठपुर में डॉ मनीष कुमार, एम.डी. एनेस्थीसिया के अलावा एमबीबीएस डॉक्टर नीलाभ देवनाथ, प्रेमलता पैकरा, स्वाति लकड़ा, विश्वकांत प्रधान, मनीषा कंवर, वैभव पटेल, अरविंद पटेल, रचना प्रधान, विवेक कुमार सिंह, शिवांगी कंवर, धीरज पटेल इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पटना में एमबीबीएस अमृता सिंह व सोनहत में वीनीत दुबे एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टेंगनी में श्रुति विश्वकर्मा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कटगोड़ी में सुरेश कुमार पोखरियाल, प्राथ.स्वा. केन्द्र नगर में नीरज सिंह, प्राथ.स्वा.केन्द्र बोडार में संजना बखला व प्राथ.स्वा. केन्द्र रतनपुर में अंकित सोनू एक्का की पदस्थापना हुई है। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं ने अपने आदेश में



स्पष्ट उल्लेख किया है कि इन संविदा डॉक्टरों को 15 दिवस के भीतर कार्यभार ग्रहण करना होगा। जिले के मरीजों को इससे राहत मिलेगी साथ ही उन्हें इलाज व जांच उपचार के लिए बाहर जाने से छुटकारा भी मिलेगी। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि हमारी सरकार दूरस्थ, आदिवासी, मैदानी व ग्रामीण अंचलो में बेहतर स्वास्थ्य अधोसंरचना के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों, स्टाफ की पदस्थापना के लिए प्रतिबद्ध है ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके। जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी डॉक्टरों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निर्वहन करें, मरीजों का भरपूर इलाज करें और अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहें।

## आलमारी से चांदी का पायल पार

**रायपुर।** धनगर मोहल्ला में अज्ञात चोर घर के दीवाल फांदकर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे चांदी का पायल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी लक्ष्मीनारायण धनगर मोहल्ला टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर दीवाल फांदकर कमरे में प्रवेश किया और आलमारी में रखे चांदी का पायल कीमती 8 हजार रुपए चोरी कर ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## बिल्डिंग के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** आर्सन दास बिल्डिंग के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र प्रसाद सिंह 58 वर्ष श्रीनगर गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलजेड 1030 को रेलवे स्टेशन रोड स्थित आर्सन दास बिल्डिंग के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 18 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# जंगल के रास्ते जा रहे ग्रामीण को हाथियों ने कुचला, मौत

**सूरजपुर।** सूरजपुर जिले के बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम दलदली के जंगली रास्ते में हाथियों के हमले से ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक मायाराम (55) मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के मलगो (बनला) गांव का रहने वाला था। जंगल के रास्ते हाथियों की उपस्थिति की जानकारी नहीं थी। मृतक उसी रास्ते से जा रहा था। अचानक हाथियों से सामना हो गया। घटना के दूसरे दिन पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचे। हाथियों के स्वच्छंद विचरण से प्रभावित क्षेत्र के लोग भयभीत है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को सीमावर्ती मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के मलगो (बनला) गांव के रहने वाला मायाराम , बिहारपुर क्षेत्र के मोहरसोप बसनारा आया था। यहां से वह जंगल के रास्ते अपने घर लौट रहा था। दलदली के जंगल पर पहुंचते ही 12 हाथियों के दल से सामना हो गया। हाथियों ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद हाथियों की मौजूदगी उसी क्षेत्र में रहने के कारण शव को जंगल से बाहर नहीं लाया जा सका। शाम को घटनास्थल जाना सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक हो सकता था। रविवार को वन विभाग की टीम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को निकलवाया। मालूम हो कि बिहारपुर क्षेत्र व गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में दो दलों में 25 हाथियों की उपस्थिति है। हाथियों का यह दल मोहरसोप के जंगल, रसौकी, बसनारा व छतरंग कछिया, नवडीहा, जडवनीया के जंगल सहित गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में विचरण कर रहा है। जंगली हाथियों के शोषण विचारण के कारण प्रभावित क्षेत्र के लोग भयभीत हैं। कई ग्रामीण गांव से बाहर या जंगल के किनारे अलग-थलग रूप से अपने खेतों में घर या झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं ऐसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी जा रही है।



## महलपारा में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई

**बैकुंठपुर।** महलपारा में सिंह सर्जिकल मेडिकल के पास क्रेटा कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। स्थानीय लोगों के अनुसार मयंक अग्रवाल बिलासपुर से बैकुंठपुर वापस आ रहे थे। रात 2 बजे महलपारा में कार अनियंत्रित हो गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है। हादसे में किसी सवार को चोट नहीं आई है।

## नकली सामान बेचने वाला दुकान संचालक के खिलाफजुर्म दर्ज

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने गणेशराम नगर स्थित मिश्रा होजियरी दुकान में दबिश देकर नेत्रिका कंपनी का नकली अंडर आर्मर उत्पाद जब्त किया है। मामले में पुलिस ने दुकान संचालक के खिलाफकार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपेश गुप्ता 31 वर्ष वेस्ट मुंबई का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि गणेशराम नगर स्थित मिश्रा होजियरी दुकान में उसकी कंपनी नेत्रिका ब्रांड का नकली अंडर आर्मर उत्पाद बेच रहा है। मामले में पुलिस ने दुकान में दबिश देकर ट्रेक पैंट 405 नग जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक मनोज मिश्रा के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

# ऐसा मुक्तिधाम जहां विधि विधान से होता है गोवंश का अंतिम संस्कार

**रामानुजगंज।** नगर में एक ऐसा मुक्तिधाम है जहां गो वंश की मृत्यु के बाद उसका विधि विधान से अंतिम संस्कार किया जाता है। प्रदेश में इस तरह का पहला मुक्तिधाम है जहां मवेशी पालकों को गो वंश की मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार के लिए राशि खर्च नहीं करनी पड़ती है। इसके लिए उनसे सिर्फ दस किलो नमक, ढाई मीटर कपड़ा एवं अगरबत्ती ली जाती है। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं नगर के पार्षदों की पहल पर इस मुक्तिधाम की शुरूआत छह माह पूर्व की गई। पहले गो वंश की मृत्यु के बाद उसका अंतिम संस्कार मवेशी पालकों के लिए बहुत ही परेशानी का कारण बन जाता था। बता दें कि नगर में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा गो वंश का पालन किया जाता है। उनके सामने समस्या तब खड़ी हो जाती जब गो वंश की मृत्यु हो जाती थी। गो वंश के अंतिम संस्कार का कार्य बहुत ही कठिन हो जाता था। मवेशी मालिकों को गो वंश के कफन दफन में डेढ़ से दो हजार रुपये खर्च करना पड़ता था। कई बार जगह नहीं मिल पाने से यहां-वहां गो वंश को दफन कर दिया जाता था। यहां तक की कई बार



खुले में भी गो वंश को फेंक दिया गया था। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की पहल पर नगर के वार्ड क्रमांक तीन में गो माता मुक्तिधाम का निर्माण कराया गया जहां विधि विधान से गो वंश का अंतिम संस्कार किया जाता है। नगर पंचायत के स्वच्छता अधिकारी बेचू प्रजापति ने बताया कि अब तक सैकड़ो गो वंश का अंतिम संस्कार का कार्य नगर पंचायत के द्वारा किया जा चुका है।

नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि पार्षदों की सहमति से गो माता मुक्तिधाम बनवाया गया है। उन्होंने कहा कि गो वंश की मृत्यु के बाद उसके अंतिम संस्कार में आ रही परेशानी को देखते हुए गो माता मुक्तिधाम बनवाया गया है। इससे नगर के मवेशी मालिकों को काफी राहत मिली है। गो वंश की मृत्यु के बाद उसका सम्मानपूर्वक विधि विधान से अंतिम संस्कार किया जाता है और नगर पंचायत द्वारा इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।

# पीएम आवास के हितग्राहियों से ठगी करने वाले बलिया के तीन आरोपित गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** केंद्रीय योजनाओं के पर्यवेक्षण के नाम पर हितग्राहियों से ठगी का रहस्योद्घाटन हुआ है। छत्तीसगढ़ की सरगुजा पुलिस ने उत्तरप्रदेश के बलिया जिले के तीन अंतरराज्यीय ठगों को पकड़ा है। इनमें बलिया के गंगापुर तिवारी टोला मनियर निवासी रोहित तिवारी (25) , बीरामाटी पकड़ी बलिया निवासी कृष्णा कुमार पांडेय (35) व गौतम पांडेय (30) शामिल हैं। अब तक कि पूछताछ में इन लोगों ने पिछले एक वर्ष में झारखंड के धनबाद, रांची,बोकारो,गुमला तथा छत्तीसगढ़ के जशपुर व सरगुजा जिले में 150 हितग्राहियों से 30 लाख रुपये की ठगी करने की स्वीकारोक्ति की है। दो मोटरसाइकिल में तीनों आरोपित झारखंड के गुमला के रास्ते छत्तीसगढ़ के जशपुर होते सरगुजा पहुंचे थे। जशपुर की एक महिला हितग्राही से 30 हजार तथा सरगुजा के बतौली व रघुनाथपुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के दो हितग्राहियों से क्रमशः 10 हजार व 25 हजार की ठगी की थी। दरिमा क्षेत्र के पांच लोगों से ठगी के बाद ये सभी अंबिकापुर में रुके थे। बतौली की घटना में सीसी कैमरे में इनकी तस्वीर आ गई थी। यह तस्वीर प्रसारित होने के कारण अंबिकापुर में लोगों ने इन्हें पहचान लिया। इन्होंने कपड़े भी वही पहने थे। इसी आधार पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ में



इन्होंने सारी सच्चाई बता दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश कुमार ने बताया कि आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त दो अपाचे मोटर साइकिल, तीन मोबाइल, एक टैबलेट, 24 हजार नकद ,एटीएम कार्ड सहित आधार कार्ड बरामद किया गया है। आरोपितों को पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है। इनके बैंक खातों की जानकारी प्राप्त की गई है। उन खातों में जमा रकम को फ्रीज कराया जा रहा है।आरोपितों को गिरफ्तार करने में प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान,आरक्षक अनुज जायसवाल, अशोक यादव, जितेश साहू, मनीष सिंह,विकास सिंह, संजीव चौबे,सुयश पैकरा शामिल रहे। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपितों ने प्रधानमंत्री आवास योजना और उज्ज्वला गैस योजना के हितग्राहियों को ही अपना निशाना बनाया है। सरगुजा व जशपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से ही ठगी की गई है। उन्हें धमकाकर रकम वसूली की जाती थी।

## आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले वाहन चालकों के खिलाफकार्रवाई

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने आम रोड पर वाहनों को खड़ी कर आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले 10 लोगों के खिलाफकार्रवाई की है। गंज पलिस ने रेलवे स्टेशन चौक के पास ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 एनडब्लू 8016 के चालक सरुफराजूदीन 20 वर्ष, ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीएच 5622 के चालक अनुदीन 24 वर्ष, ई-रिक्सा क्रमांक सीजी 04 पीएम 2656 के चालक दिलीप वर्मा 32 वर्ष व ई-रिक्सा क्रमांक सीजी 04 पीके 0923 के चालक गुरूवारू छूरा 42 वर्ष के खिलाफ कार्रवाई की है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने रावाभाठा के शेरे पंजाब ढाबा के पास ट्रक क्रमांक एपी 39 वीई 3269 के चालक अप्पा राव, ट्रक क्रमांक एपी 39 यूएम 4537 के चालक मस्तान अली शेख, ट्रक क्रमांक एमएच 12 टीवी 6361 के चालक योगेश कुडकु व स्वराज माजदा क्रमांक सीजी 10 बीएम 1738 के चालक वसीम खान के खिलाफ कार्रवाई की है।

## सरेआम शराब पीते 27 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खम्हारडीह पुलिस ने कचना नाला के पास सरेआम शराब पीते आरोपी दीपक साहू 20 वर्ष, गजेंद्र पटेल 28 वर्ष, कार्तिक यादव 25 वर्ष व धर्मेन्द्र साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढियारी पुलिस ने आरोपी ताराचंद साहू 48 वर्ष, राजेश बावनखडे 47 वर्ष, रितेश भौतिक 26 वर्ष, थानेश्वर साहू 31 वर्ष, श्याम सेंडे 48 वर्ष व तेजराम साहू 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने आरोपी अंकीत शर्मा 36 वर्ष, हेमंत नाग 34 वर्ष, खिलेश कुमार चक्रधारी 23 वर्ष व विवेक ताम्रकर 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी शिव प्रसाद कोल 24 वर्ष व विपिन गुप्ता 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# सड़क निर्माण कार्यों में व्यापक भ्रष्टाचार, घटिया सामग्री का उपयोग

**कोरिया/बैकुंठपुर।** वैसे तो कोरिया जिले में लोक निर्माण विभाग के कार्यों को लेकर हमेशा से सवाल उठाते रहे हैं लोक निर्माण विभाग अपने भ्रष्ट कार्यों के लिए जाना जाता है कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के चिरमिरी बिलासपुर पहुंच मार्ग में लोक निर्माण विभाग के द्वारा मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है विभाग के द्वारा कोई भी अधिकारी कर्मचारी इस घटिया निर्माण को ध्यान नहीं दे रहे हैं निर्माण कार्य इसमें खटिया है कि और जानलेवा गड्ढे हो जा रहे हैं।

इस निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार के द्वारा गुपचुप तरीके से रात को काम लगाया जाता है तथा दिन में कोई काम नहीं लगते हैं जिससे आम आदमी के समझ में नहीं आता है कि यह क्या हो रहा है सुबह देखने के बाद पता चलता है कि लोक निर्माण विभाग के तथा कथित भ्रष्ट ठेकेदार और विभाग के भ्रष्ट्र अधिकारियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता सहित विभागीय एसडीओ से संपर्क कर जानकारी लेना चाह परंतु संपर्क नहीं हो सका इस कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका मामला चाहे जो भी हो लेकिन कोरिया जिले में लोक निर्माण विभाग की भ्रष्टाचार किसी से छिपी नहीं है अब देखना यह होगा कि लोग निर्माण



विभाग की घटिया कार्यों को लेकर जिला प्रशासन कोरिया क्या कार्रवाई करती है।

# आपदा में अवसर,75 हजार श्रमिकों को नकद भुगतान कर पीएम की मंशा पर फेरा पानी

**अंबिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभांवित हितग्राहियों के खाते में सीधे राशि भेजी जाए। इसके लिए अभियान चलाकर गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के मुखिया के नाम पर जनधन खाते खोले गए हैं लेकिन सरगुजा संभाग में वन अधिकारियों ने प्रधानमंत्री की मंशा पर पानी फेरने का काम किया है। वर्ष 2018 से 2022 तक सरगुजा संभाग के 75 हजार से अधिक श्रमिकों को लेंटाना(खरपतवार) उन्मूलन के नाम पर नकद में भुगतान किए जाने का दावा किया गया है। यह राशि कैंपा मद से प्राप्त हुई थी। कोरोना काल में जब परिस्थितियां सामान्य नहीं थी तब नकद भुगतान का खेल हुआ। श्रमिकों को संपूर्ण राशि नहीं मिली। भाजपा विधायक प्रबोध मिंज ने इसे आपदा में अवसर की संज्ञा देकर विधानसभा में अपनी ही सरकार के मंत्री से जबाब मांग लिया।

इतनी बड़ी संख्या में मजदूरों को नकद भुगतान पर बड़ी वित्तीय अनियमितता की संभावना जताई। कांग्रेस शासनकाल में 10 करोड़ से अधिक की राशि लेंटाना उन्मूलन में खर्च किया गया है। इसमें नकद भुगतान का दावा कर शासकीय राशि के बंदरबाट के आरोप पर वनमंत्री केदार कश्यप को बोलना पड़ा कि अब नकद भुगतान बंद कर दिया गया है। डबल इंजिन की सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के विपरीत हुए कार्य पर विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह ने भी वन मंत्री केदार कश्यप को सुझाव दिया है कि भविष्य में ऐसा न हो इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने मंत्री को आदेशित किया कि विधायक जिन क्षेत्रों की जानकारी दें उसकी जांच भी कराई जाई। मालूम हो कि इसी अवधि में एक लाख 57 हजार 767 श्रमिकों को बैंक के माध्यम से मजदूरी राशि दी गई लेकिन 75 हजार से अधिक श्रमिकों को नकद भुगतान का आंकड़ा तैयार कर सरकारी खजाने से राशि आहरित कर ली गई है। लैंटाना, मध्य और दक्षिण अमेरिका की मूल प्रजाति है। गमलों में सजावट के लिए इसे अंग्रेज़ों ने लगभग 200 साल पहले भारत लाया था।अब यह पूरे देश में फैल चुका है। छत्तीसगढ़ के जंगलों में यह तेजी से फैल रहा है। उत्तर छत्तीसगढ़ में लेंटाना उन्मूलन के नाम पर प्रतिवर्ष वन विभाग बड़ी राशि खर्च कर रहा है लेकिन स्थिति जस की तस है।इसका कारण है कि सिर्फ झाड़ियों की कटाई कर दी जाती है। जड़ से इसे समाप्त करने विशेषज्ञों के सुझाव अनुरूप काम नहीं हो रहा है। लेंटाना एक खरपतवार है। इसे स्थानीय भाषा मे पुटुश कहा जाता है। झाड़ियों के स्वरूप में यह जंगल की ज़मीन पर फैल सकता है।पेड़ों और लताओं पर चढ़ सकता है।यह आसानी से दूसरे पौधों के साथ उलझ सकता है। दूसरे पेड़ पौधे इसके कारण कमजोर होकर सूखने लगते है। यह बहुवर्षीय झाड़ीनुमा पौधा है। इसमें छोटे फूल भी खिलते हैं। यह ऐसा खरपतवार है जो एक बार उगने के बाद आसानी से नष्ट नहीं होता। इसे जितना काटेंगे ये उतनी तेज़ी से बढ़ता है। सरगुजा संभाग में ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जहां बसाहटों के आसपास बैंक न हो। सभी के खाते भी खोले गए हैं। इसके बाद भी 75 हजार श्रमिकों को नकद भुगतान का आंकड़ा काफी बड़ा है। हितग्राहियों को बैंक खातों के माध्यम से भुगतान के प्रविधान का उल्लंघन हुआ है। मैंने विधानसभा में सवाल भी पूछा है।

# लोकसभा : कांग्रेस और भाजपा से कौन से होंगे चेहरे, अब तक असमंजस

## इस महीने आचार संहिता प्रभावशील होने की संभावना

राजनीतिक संवाददाता



**कोरबा।** लोकसभा चुनाव को लेकर सरकार के स्तर पर प्राथमिक तैयारी शुरू कर दी गई है। कोरबा जिले में 9 हजार से ज्यादा नए मतदाताओं के नाम जुड़े हैं, जिन्होंने इस वर्ष एक जनवरी की स्थिति में मताधिकार की पात्रता हासिल की है। इधर चुनाव को लेकर समय ज्यादा नहीं है। राजनैतिक दलों ने जमीनी स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए काम प्रारंभ किया है, लेकिन जनता के सामने चेहरा कौन होगा, यह अब तक असमंजस वाला है। कांग्रेस और भाजपा की ओर से फिलहाल कुछ भी नहीं तय नहीं है।

बीते चुनाव में कोरबा लोकसभा सीट से कांग्रेस की ज्योत्सना महंत निर्वाचित हुई थी। उनके मुकाबले में भाजपा के ज्योतिनंद दुबे की पराजय हुई थी। कोरबा सीट में राजस्व जिला कोरबा के साथ-साथ कोरिया, गौरेला-पेंड्रा और एमसीबी की कुल 8 विधानसभा सीट शामिल हैं। यहां के मतदाता मिलकर अपना सांसद चुनेंगे। 20 वीं लोकसभा के लिए संभवतः इसी महीने भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा अधिसूचना जारी की जा सकती है। इस तरह के संकेत हाल में ही सीआईसी के द्वारा दिए गए। जबकि इसके पहले ही दूसरे क्षेत्रों में यहां भी प्रमुख दलों की ओर से अपनी उपस्थिति और सक्रियता का प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। लोकसभा क्षेत्र में फिलहाल कांग्रेस काबिज है इसलिए उसके सामने सीट बचाने की चुनौती है। बड़े स्तर पर चल रही उथल-पुथल के बीच कोरबा सीट पर संगठन का निर्णय प्रत्याशी चयन को लेकर क्या होगा, इसका नेताओं के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को इंतजार है। कहा जा रहा है कि अगर कोई खास वजह नहीं रही तो संगठन अपने सीटिंग एमपी को दोहरा सकता है। जबकि काफी समय से संगठन के लिए काम करते रहे कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी टिकट का दावा ठोक रहे हैं।

केन्द्र के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में सत्ता पर भारतीय जनता पार्टी काबिज है। विकास और अन्य कारण से उसका मनोबल लोकसभा चुनाव को लेकर बढ़ा हुआ है। लगातार उसकी ओर से छत्तीसगढ़ की सभी 11सीट जीतने का संकल्प दोहराने के साथ इसी ट्रेंड पर तैयारी की जा रही है। जबकि पिछले चुनाव में उसे 9 सीटें प्राप्त हुई थी। जानकारों का कहना है कि भाजपा संगठन ने अबकि बार कोरबा और बस्तर के साथ जांजगीर-चांपा को सबसे उपर रखा है। इनमें से दो सीटों पर कांग्रेस के सांसद हैं, जबकि जांजगीर-चांपा जिले में पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान सभी 6 सीट पर कांग्रेस की जीत हुई। इस नाते रणनीति है कि लोकसभा चुनाव को लेकर सबसे पहले इन्हीं सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की जाए ताकि वे पर्याप्त समय लेते हुए अपना काम कर सके। कोरबा सीट से भाजपा की टिकट को लेकर 6 से अधिक लोग चाहत रखे हुए हैं। कारण बताया जा रहा है कि केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार होने व वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर जो हालात बने हुए हैं, वे मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए काफी अनुकूल हैं, अथवा उनका समर्थन आसानी से हासिल हो सकता है। भाजपा की ओर से फिलहाल अपने पत्ते नहीं खोले गए हैं, लेकिन दावेदारों ने कोशिश जरूर जारी रखी है। कई मौकों पर प्रत्याशी चयन के मामले में भाजपा के रणनीतिकार अपने कार्यकर्ताओं को चौंकाते रहे हैं, ऐसे में कोरबा से भाजपा का चेहरा कौन होगा, यह जानना भी दिलचस्प होगा।

### उतर गया गुब्बारा

भाजपा की नब्ज को लेकर काफी जानकारी रखने वाले सूत्र दावा करते हैं कि चुनाव के दौरान हवा हवाई माहौल बनाने का मतलब संबंधित दावेदार को किनारे करना होता है। विधानसभा चुनाव इसका उदाहरण बन चुका है। इधर लोकसभा को लेकर ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड के पास दीपावली से आसमान से उड़ रहा राकेश शर्मा का गुब्बारा जमीन पर आ गया है। हो सकता है कि संसदीय क्षेत्र में जिन नामों से दीवारों को रंगा जा रहा है, वे बाद में जस की तस हो जाएं। अंतिम रूप से जब तक कोई नाम फाइनल नहीं हो जाता, तब तक दावेदार गर्मी दिखाते रहेंगे।

# जल विहार के निकट कठमोरगा पहुंचा हाथियों का झुंड वन विभाग अलर्ट मोड में

कोरबा। जिले के कटघोरा वनमंडल के एतमा नगर रेंज में विचरण कर रहे 42 हाथियों का झुंड क्षेत्र में स्थित जलविहार बुका के निकट पहुंच गया है। हाथियों के झुंड के यहां पहुंचने की सूचना मिलते ही वन विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। आसपास के क्षेत्रों में मुनादी करने के साथ ही हाथियों की झुंड की कड़ी निगरानी में जुट गया है। अब तक हाथियों का यह झुंड पचरा व गुरसिया के आसपास डेरा जमाया हुआ था। खबरों में बताया गया कि झुंड बीती रात मुवमेंट किया और आगे बढ़कर कठमोरगा पहुंच गया। हाथियों के झुंड के क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है, वहीं बुका जलविहार क्षेत्र में आये लोगों को सावधान कर दिया गया है। उधर केंदई रेंज में 10 हाथियों का दल दो अलग-अलग जगहों पर विचरण कर रहा था, जिसमें सरगुजा से पहुंचे दो हाथी भी शामिल थे। बताया जाता है कि ये दोनों हाथी बीती रात सूरजपुर का रूख कर लिया है, जबकि 8 हाथी अभी भी रेंज के लालपुर परिसर स्थित जंगल में चोटिया के आसपास मंडरा रहे हैं। दल में शामिल एक हाथी बीती रात 11 बजे के लगभग अलग हुआ और चोटिया बस्ती में पहुंचकर एक ग्रामीण के घर को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। क्षेत्र में हाथी ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को जब इसकी सूचना मिली तो वे तत्काल बस्ती पहुंचे और हाथी को खदेड़ने की कार्रवाई की। खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख कर लिया। इधर कोरबा वन मंडल के रेंज में एक दंतैल हाथी पिछले कुछ दिनों से विचरण कर रहा है। जो गीतकुंवारी पहुंच गया है। दंतैल के आज गीतकुंवारी क्षेत्र में होने का लोकेशन मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और दंतैल की निगरानी करने के साथ ही आसपास के गांवों में मुनादी कराने का काम शुरू कर दिया है।

## सिंचाई कॉलोनी में खड़ी स्कॉर्पियो वाहन को किया गया आग के हवाले

**कोरबा।** नगर की रामपुर स्थित सिंचाई कॉलोनी में पिछली रात असामाजिक तत्वों ने तांडव मचाते हुए एक स्कॉर्पियो को आग के हवाले कर दिया। जब तक दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची तब तक स्कॉर्पियो जलकर पूरी तरह से खाक हो चुकी थी। बताया जा रहा है स्कॉर्पियो किसी गोविंद नामक व्यक्ति का है जो सिंचाई कॉलोनी का रहने वाला है। स्कॉर्पियो मालिक ने बताया कि वह रविवार को अपनी स्कॉर्पियो को आवास के ठीक सामने बनी पार्किंग में खड़ी किया था।रात को ही स्थानीय लोगों ने उसे स्कॉर्पियो में आग लगने की सूचना दी स्थानीय पार्षद को भी लोगों ने जानकारी दी।



## सुमेधा में पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब

**बाकीमोंगरा।** सभी तरह के अवैध में कामकाज पर रोक लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा निर्देश दिए गए हैं, जिसके अंतर्गत पुलिस काम कर रही है। बाकी मोगरा पुलिस ने सुविधा गांव में एक स्थान पर दबिश देने के साथ अवैध शराब की है। इस मामले में राजकुमार नामक व्यक्ति के विरुद्ध 34-2 आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि सुमेधा गांव में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के बारे में जानकारी मिली थी।

## अमृत वाटिका की सुरक्षा पर किया कार्यक्रम



**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गोदग्राम भादा में निर्मित किए गए हसदेव अमृत वाटिका की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए स्वयंसेवकों ने दिवा शिविर का आयोजन किया।

अटल विश्वविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में आयोजित दिवा शिविर के दौरान रासेयो जिला संगठक् वाय के तिवारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में रोपित किए गए फलदार व औषधीय पौधों की वाटिका को खंबे गड़ाकर परिसर को जालीदार तार से सुरक्षित बनाने हेतु श्रमदान किया तथा वाटिका के भीतर उगे कंटीली झाड़ियो तथा खरपतवारों की सफाई कर वाटिका को सुंदर व आकर्षक बनाने का प्रयास किया। हसदेव अमृत वाटिका सुरक्षित व स्वच्छ बनाने हेतु आयोजित दिवा शिविर में रासेयो इकाई की वरिष्ठ स्वयंसेविका वर्णिता सीमा बखला, मेरी पूर्णिमा, बबीता, सन्नी राव जगताप, अनिष कुमार, अजय कुमार पैकरा, राहुल पूर्ति आदि स्वयंसेवकों का सक्रिय योगदान रहा।

## खेल मैदान को किया जा रहा बर्बाद खिलाड़ियों ने जतायी आपत्ति

**कोरबा ।** मानिकपुर क्षेत्र में रहने वाले खिलाड़ी इन दिनों एक ठेकदार की मनमानी से काफी परेशान है। क्षेत्र में मौजूद खेल मैदान में ठेकेदार मिट्टी को पाट रहा है। मैदान में मिट्टी को पाटे जाने से खिलाड़ियों में आक्रोश का माहौल पैदा हो गया है। खिलाड़ियों ने आरोप लगाया है,कि ठेकदार मैदान को पाटकर उसके विलुप्त करना चाहता है। इस संबंध में उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन से बात करने का मन बनाया है। खिलाड़ियों का कहना है,कि अगर उनकी नहीं सुनी गई तो ठेकदार को बुरा अंजाम भुगतना पड़ेग।

# गार्ड काउंसिल ने स्थापना दिवस पर चुनौतियों के बारे में किया मंथन

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा आल इंडिया गार्ड काउंसिल ने स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। काफी संख्या में संगठन के सदस्य यहां उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में काउंसिल के मंडल स्तरीय पदाधिकारी एमडी श्रीवास्तव, अनुज ठाकुर ,आर पी सिंह,साथ ही कोरबा शाखा के पदाधिकारी न्सी आर नेताम , तरुण शर्मा, आलोक कुमार, एन के शर्मा , एनपी साहू एवं सदस्य ( ट्रेन मैनेजर ) आर के दास , बी के साह, राजेश कुमार, सतीश चंद्रा, एन पी यादव, राहुल वर्धन, संतोष यादव, अमरनाथ झा,गौरव कुमार, जीतू जायसवाल, धीरज, नीतीश, नवनीत, प्रकाश अंकित, शुभम, प्रतिक, गौरी शंकर,संतोष कर्ष, नम्रता शेफर्ड,वी के तिवारी अन्य सभी कोरबा ट्रेन मैनेजरों के द्वारा आल इंडिया गार्ड काउंसिल के 59 वें स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। आल इंडिया गार्ड काउंसिल के पदाधिकारियों एवं अन्य सदस्यों ने चर्चाकार अपने कार्यों को बेहतर एंव हो रही असुविधा के उचित माध्यम से निराकरण की बात रखी। तथा अन्य कई ज्वलंत मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद किया गया।



## भाजपा अजा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क अभियान की शुरूआत

**कोरबा।** भाजपा अजा मोर्चा द्वारा पूरे देश भर में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ 14 फरवरी से किया गया है। जो 5 मार्च तक चलेगा। कोरबा जिले में इसकी शुरूआत कोसाबाड़ी व भिलाई बाजार मंडल से की गई। जिलाध्यक्ष सरजू अजय, राजेश लहरे, बबलू डहरिया, रमा मिरी, सुनील भटपरे द्वारा लोगों से मुलाकात करते हुए। केन्द्र सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसी तरह चांपा-जांजगीर क्षेत्र में भी प्रदेश के मंत्री सुनीता पाटले द्वारा भी क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की गई है। कार्यकर्ताओं ने कई गांवों में जाकर लोगों को बताया कि आने वाले दिनों में भाजपा तीसरी बार सरकार बना रही है। कार्यकर्ताओं में व्यापक उत्साह है। योजनाओं की जानकारी देने घर-घर जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष सरजू अजय ने बताया कि पिछले दिनों सक्ती में भी एक विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कोरबा जिले के सभी मंडलों में जनसंपर्क अभियान चलेगा। जबकि जांजगीर क्षेत्र में प्रदेश मंत्री सुनीता पाटले द्वारा लगातार मेहनत की जा रही है।

## जनहित के लिए जारी रहेगी एटक की लड़ाई, कहा दीपेश ने

**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा कोरबा के जन समस्याओं को लेकर जिला सचिव साथी पवन कुमार वर्मा ने घंटा घर के समीप आमरण अनशन शुरू किया था। इस बीच अनशन के तीसरे दिन जिला अस्पताल कोरबा के डॉक्टर ने अनशन स्थल जाकर पवन कुमार वर्मा का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उनके बिगड़ते शारिरिक हालात के कारण पुलिस ने बलपूर्वक आंदोलन स्थल से उठाकर जिला चिकित्सालय मे दाखिल कर दिया है, इस कारण यह आंदोलन फिलहाल स्थगित किया जाता है । एटक के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कहा कि जिला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आगे भी कोरबा के ज्वलंत जन समस्याओं को लेकर आंदोलन को और तेज करेगा।

## राताखार में महिला के ठिकाने से मिला हजारों का गांजा

**कोरबा।** कोतवाली पुलिस ने पिछली रात्रि प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक महिला के कब्जे से हजारों का गांजा बरामद किया है। दावा किया जा रहा है कि कोई अन्य व्यक्ति इसके पास गांजा की खेप पहुंचाया करता था। पुलिस ने 20बी एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है और आगे जांच कर रही है।

नगर पालिका निगम के वार्ड क्रमांक 3 राताखार के अंतर्गत अटल आवास क्षेत्र में कोतवाली पुलिस के द्वारा यह कार्रवाई की गई। कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी अभिनव कांत सिंह ने बताया कि 46 वर्षीय महिला श्रीमती जानकी के बारे में कुछ सूचनाओं प्राप्त हुई थी , जिसमें कहां गया था कि वह अवैध श्रेणी के कामकाज से जुड़ी हुई है और इसके कारण आसपास का वातावरण खराब हो रहा है। पुलिस ने अपनी टीम के माध्यम से सूचनाओं की पुष्टि की। इसमें हम चीज सामने आई और इस आधार पर पिछली रात्रि को पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच दबिश दी। बताया गया कि इस दौरान महिला के घर से 3 किलो गांजा प्राप्त हुआ। इसकी कीमत का आकलन 20 हजार के आसपास किया गया है। शुरुआती पूछताछ में यह बात स्पष्ट होगी काफी समय से महिला के द्वारा इस काम को किया जा रहा था। उसके बताए मुताबिक अन्य व्यक्ति से उसका संपर्क था, जो लंबे समय से गांजा की सप्लाई यहां तक कर रहा था। महिला के द्वारा छोटे स्तर पर ग्राहकों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही थी। प्रकरण को गंभीर श्रेणी का मानते हुए पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान सहायक उप निरीक्षक अजय सिंह और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इससे पूर्व कोतवाली पुलिस की ओर से अवैध शराब बनाने और बेचे जाने के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर इसका उपयोग करने को लेकर कार्रवाई की गई है और संबंधितों को जेल भेजा गया है।

## बैठक 25 से

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी संघ ने छत्तीसगढ़ में कई स्थानों पर विभाग प्रमुख बनाया है। कोरबा और जांजगीर जिले का विभाग प्रमुख डी वेंकटराव को बनाया गया है। विभाग प्रमुखों की बैठक 25 फरवरी से रायपुर में आयोजित की गई, जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में राधेश्याम जायसवाल भी शामिल होंगे।


कार बेचना है

1. X.U.V.500 मॉडल 2015
2. I-20 ASTA मॉडल 2018

संपर्क करें

डॉ. शशी अग्रवाल

9826389894
9770975471


## कुसमुंडा में डीजल चोरी दो आरोपी पकड़ाए

**कोरबा।** एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में घुसकर हैवी मशीनरी से सैकड़ों लीटर डीजल की चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस द्वारा दो दिन पहले एक हजार लीटर से ज्यादा डीजल जप्त किया गया था। निजी टैंकर के माध्यम से चोरों ने इसे पार किया था और अन्य ठिकाने लगाने की कोशिश की जा रही थी। शातिर तरीके से कामकाज को अंजाम देने वाले चोरों ने योजना बना रखी थी कि वे डीजल को अपने तरीके से उपयोग में ले लेंगे। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। गुप्तचर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने चोरी का डीजल और टैंकर पकड़ लिया। बताया गया कि प्रकरण में जांच जारी रखी गई थी। इस सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने मामले में अपनी भूमिका की बात स्वीकार की है। इससे पहले कुसमुंडा माइंस से डीजल चोरी का कारोबार लंबे समय तक चलता रहा और कोयला कंपनी को चोरों के गिरोह ने लंबी चपत लगाई। पिछले वर्ष ऐसे मामलों की संख्या बढ़ी और नुकसान का दायरा भी बढ़ा। इस प्रकार की घटनाएं तब हुई जब एसईसीएल ने सुरक्षा के मामले की जिम्मेदारी सीआईएसएफ से वापस लेते हुए यहां पर त्रिपुरा राईफल्स को नियुक्त कर दिया। जबकि गेवरा दीपका में अभी भी सीआईएसएफ के द्वारा सुरक्षा से संबंधित काम किया जा रहा है।

## दुर्घटना रोकने सेफ्टी कमेटी सदस्यों में विचार विमर्श

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व एरिया सेफ्टी कमेटी के सदस्यों व अधिकारियों के मध्यखदानों में सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। शुन्य दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया कि खदान क्षेत्रों में सभी समस्याओं को दूर किया जाये ताकि कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। खासकर लायटिंग व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा आने-जाने वाले मार्ग को ठीक करने की बात कहीं गई। बरसात के दिनों में मार्ग खराब हो गया है, जिसकों तत्काल ठीक करने कहा गया। सेफ्टी कमेटी सदस्य अशोक सिंह, गणेश प्रसाद, अजीत पाण्डेय ने कई सुझाव दिये।

# बच्चों की आंखों के लिए ग्रहण बन सकता है जंक फूड

### नेत्र रोग विशेषज्ञ अंकिता ने दी जानकारी

**कोरबा।** खाने के मामले में बहुत नाक मुह सिकोड़ते हैं और बाहर का जंकफूड और पैकेज्ड उन्हें खूब पसंद आता है। लेकिन लगातार अनहेल्दी फूड की वजह से बच्चों के शरीर में विटामिन्स की कमी होने लगती है। रोज के खाने को छोड़कर बच्चे प्रोसेस्ड और शुगर वाली चीजों को खाना पसंद करने लगते हैं। विटामिन-ए एक ऐसा जरूरी विटामिन है, जो शरीर खुद नहीं बना सकता है। इसलिए बच्चों के आहार में विटामिन-ए युक्त चीजों को शामिल करना जरूरी है। अगर बच्चों में इसकी कमी होती है, तो उन्हें गंभीर समस्या झेलनी पड़ सकती है। बच्चों में विटामिन-ए की कमी के कारण, लक्षण और उपाय को लेकर हमने कोरबा मेडिकल कॉलेज में पदस्थ नेत्र रोग विशेषज्ञ अंकिता कपूर से बात की।



इन दिनों बच्चों में हो रही विटामिन-ए की कमी को लेकर नेत्र रोग विशेषज्ञ ने बताया की बच्चों को सही और पौष्टीक आहार नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण बच्चों मे विटामिन-ए की कमी हो रही है। इसकी कमी से बच्चों के आंखों की रोशनी भी जा सकती है।. इस ओर पैरेंट्स को खास ध्यान देना चाहिए, क्योंकि विटामिन-ए एक ऐसा जरूरी विटामिन है, जिसे शरीर खुद नहीं बना सकता है। इसलिए बच्चों के आहार में विटामिन-ए युक्त चीजों को शामिल करना जरूरी है।.इसके प्रभाव से बच्चों को रात मे कम दिखना, जिसे रतौंधी भी कहा जाता है, हो सकती है। इस तरह की स्थिति भविष्य के लिए खतरनाक हो सकती है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com